सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
05.04.2024
नगर संस्करण । पेज : 14

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

लोकसभा चुनाव 2024 — सभी चुनें सही चुनें

khabarmantra.net चैत, कृष्ण पक्ष, अमावस्या संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 261

14 दुश्मन के एक साथ कई टारगेट तबाह करेगी अग्नि प्राइम

इफ्तार : शाम 6.03 (5 अप्रैल)
सेहरी : भोर 4.17 (6 अप्रैल)




# आज का भारत दुश्मनों को घर में घुस कर मारता है

## जमुई में बोले मोदी-दस साल का कार्यकाल तो टेलर है, अभी बहुत कुछ बाकी है

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमुई।** पीएम मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडिया पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जो लोग भ्रष्टाचार के मामलों में एक-दूसरे के लिए जेल की सजा की मांग करते थे, वे मोदी के खिलाफ लड़ने के नाम पर एक साथ आ गये हैं। उन्होंने कहा, 10 सालो में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ जो हुआ वो तो ट्रेलर है, अभी बहुत कुछ करना बाकी है। उन्होंने पूछा, क्या भ्रष्टाचारियों को जेल में नहीं होना चाहिए। मैं कहता हूं भ्रष्टाचारियों को हटाओ, वे कहते हैं मोदी को हराओ। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि यह चुनावी सभी नहीं, बल्कि विजय सभा है। पीएम मोदी गुरुवार को बिहार में एनडीए के चुनावी अभियान का शंखनाद के क्रम में जमुई में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। पीएम ने मगही में अपने संबोधन की शुरूआत की। जमुई जाने के क्रम पीएम देवघर एयरपोर्ट पर उतरे। देवघर में बाबूलाल, निशकांत समेत तमाम नेताओं ने उनका स्वागत किया। (शेष 11 पर )

### भारत अब घर में घुस कर मारता है

पीएम ने कहा, आज का भारत अलग है। कांग्रेस के राज में भारत को गरीब और कमजोर देश माना जाता था। छोटे-छोटे देश जो आज आटे के लिए तरस रहे हैं, उनके आतंकी हम पर हमला करके चले जाते थे और तब की कांग्रेस दूसरे देशों के पास शिकायत लेकर जाती थी। पीएम ने कहा कि जब हमारी सरकार आयी तो मैंने कहा कि ऐसे नहीं चलेगा। आज का भारत घर में घुसकर मारता है। भारत वही महान पाटलिपुत्र और मगध वाला देश है। भारत वही चंद्रगुप्त मौर्य वाला भारत है जो आज घर में घुसकर मारता है, आज का भारत दुनिया को दिशा दिखाता है। उन्होंने कहा कि अब दुनिया देख रही है कि केवल 10 वर्षों में भारत की साख और हैसियत किस तरह बढी है। उन्होंने कहा, ये पहला चुनाव है, जब रामविलास पासवान हमारे बीच नहीं हैं। हालांकि मुझे संतोष है कि चिराग पासवान उनके रास्ते पर चल रहे हैं। मेरी आप लोगों से अपील है कि जमुई में अरुण भारती को वोट देकर लोकसभा का विजयी बनायें। वहीं चिराग के बहनोई के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा, पीएम का जो 400 पार का लक्ष्य है, वो हम पूरा करेंगे और उसमें बिहार की 40 सीटों का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।



### सभी 40 सीटें जीतने का किया दावा

लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा होने के बाद पीएम मोदी का यह पहला बिहार दौरा है। उन्होंने जमुई में अपने 'हनुमान' (चिराग पासवान) की मौजूदा संसदीय सीट से कैंपेन का शुभारंभ किया। पीएम ने कहा कि भाजपा और एनडीए ने बिहार को दलदल से बाहर निकाला। इसमें सीएम नीतीश कुमार का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने दावा किया कि सभी 40 सीटों पर एनडीए की जीत होगी। उनके साथ मंच पर सीएम नीतीश कुमार, सम्राट चौधरी, चिराग पासवान, जीतनराम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा समेत बिहार एनडीए के तमाम बड़े नेता मौजूद थे।

### विकसित बिहार का सपना

पीएम ने कहा, ये चुनाव विकसित बिहार के सपने को पूरा करने का चुनाव है। एक तरफ कांग्रेस और राजद जैसी पार्टियां हैं, जिन्होंने अपनी सरकार के समय पूरी दुनिया में देश का नाम खराब किया था। वहीं दूसरी तरफ भाजपा और एनडीए है, जिसका एक ही लक्ष्य है विकसित भारत का निर्माण है। उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री के रूप में लालू प्रसाद के कार्यकाल की चर्चा की और कहा, बताना नहीं होगा कि क्या सब हपआ था। वहीं रेल मंत्री के रूप में नीतीश कुमार बेदाग रहे। लोकसभा चुनाव में बिहार की भूमिका इस बार भी बेहद महत्वपूर्ण रहने वाली है। आज जमुई की खूबसूरत धरती पर उमड़ा जन सैलाब बता रहा है जनता का मूड क्या है। जमुई से भाजपा और राजग के पक्ष में उठी यह हुंकार बिहार के साथ पूरे देश में गूंज रही है। बिहार की सभी 40 सीट राजग के खाते में देने के आप बिहार वासियों के निर्णय को नमन करता हूं।

## न्यूज डायरी

### देवघर के एसपी बने राकेश रंजन

**रांची।** चुनाव आयोग के निर्देश पर राज्य में चार आइपीएस अधिकारियों की पोस्टिंग की है। सुमित कुमार अग्रवाल को रांची का ग्रामीण एसपी बनाया गया है। राकेश रंजन देवघर के नये एसपी बनाये गये हैं। ए विजया लक्ष्मी दुमका की आइजी बनायी गयी हैं। वाई एस रमेश पलामू के नये डीआअजी बनाये गये हैं। कैलाश करमाली को रांची के ट्रैफिक एसपी के रूप में तत्काल प्रभाव से नियुक्त करने का निर्देश दिया गया है। पिछले दिनों चुनाव आयोग ने देवघर के एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को उनके पद से हटा दिया था और अन्य खाली पदों को जल्द भरने का निर्देश देते हुए अधिकारियों के नाम मांगे थे।

### पूजा के सीए सुमन को मिली नियमित बेल

**रांची।** मनी लाउंड्रिंग की आरोपी निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत दे दी है। न्यायाधीश जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की अदालत ने गुरुवार को सुमन को नियमित जमानत की सुविधा प्रदान कर दी है। अदालत ने जमानत के लिये कुछ शर्त भी लगायी है, इसका उन्हें पालन करना होगा।

### राजस्वकर्मी को घूस लेते एसीबी ने दबोचा

**पाटन (पलामू)।** प्रखंड के हल्का नंबर 10 के राजस्व उप निरीक्षक परवेज आलम को सात हजार घूस लेते एसीबी की टीम ने रंगे हाथ धर दबोचा। नावा जयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हरैया खुर्द निवासी नूर आलम ने आवेदन दिया था कि एक जमीन के म्यूटेशन में उनसे घूस मांगी जा रही थी। राजस्व कर्मचारी परवेज आलम कहा था कि पैसे दो तभी म्यूटेशन होगा। एसीबी ने जांच की तो आरोप सही पाया। टीम ने परवेज आलम को सात हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोचा।

### हेमंत से मिलने होटवार पहुंचे बसंत सोरेन

**रांची।** जमीन घोटाले मामले में गिरफ्तार पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से मिलने उनके भाई बसंत सोरेन गुरुवार को होटवार जेल पहुंचे। माना जा रहा है कि दोनों के बीच लोकसभा चुनाव को लेकर बातचीत हुई। इससे पहले बीते 16 फरवरी को कैबिनेट के विस्तार से पहले बसंत सोरेन होटवार जेल पहुंचे थे। बसंत ने जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर उनका आशीर्वाद लिया था। उल्लेखनीय है कि ईडी ने बीते 31 जनवरी को लैंड स्कैम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था।

### रांची के लैंड रिकॉर्ड रूम में चोरी, केस दर्ज

# जमीन से जुड़े कई महत्वपूर्ण दस्तावेज से छेड़छाड़ की आशंका

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कचहरी रोड स्थित जिला अभिलेखागार के कार्यालय में चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस और रिकार्ड रूम के इंचार्ज पहुंचे और रिकॉर्ड रूम की जांच की। जानकारी के अनुसार गुरुवार को दफ्तर खोलने के समय कार्यालय के बाहर ताला बंद था, लेकिन अंदर रिकार्ड रूम खुला हुआ था। दरवाजे के पास ही ताला पड़ा हुआ था। रिकॉर्ड रूम को देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था कि किसी के द्वारा काफी देर तक जमीन के दस्तावेज को खंगाला गया है। हालांकि जमीन से जुड़े कौन-कौन से दस्तावेज गायब हुए हैं इसकी पुष्टि अभी तक नहीं हो सकी है। चोरी का यह बेहद गंभीर इसलिए भी है क्योंकि कई घपले घोटाले से संबंधित जमीन के दस्तावेज भी रिकॉर्ड रूम में ही सुरक्षित कर रखे गये थे। (शेष 11 पर)

जांच के दौरान फोटोग्राफी कराती पुलिस



गौरतलब है कि रिकॉर्ड रूम में रांची जिला के सभी जमीन के रिकॉर्ड रखे जाते हैं। मिली जानकारी के अनुसार जमीन के अधिकांश दस्तावेज उलट पुलट किये गये हैं लेकिन उनमें से सभी वहीं मौजूद हैं। आशंका है कि किसी ने जानबूझकर जमीन के दस्तावेजों में बदलाव के लिए इस वारदात को अंजाम दिया गया है। इस मामले में रिकार्ड रूम के इंचार्ज सह उप समाहर्ता स्मृति कुमारी ने कोतवाली थाने में एफआईआर दर्ज करवाया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी रंजीत सिन्हा ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। खिड़की का ग्रील तोड़कर चोर अंदर प्रवेश होने में कामयाब हुए थे।

**रिकार्ड रूम की वीडियोग्राफी :** वहीं, दूसरी तरफ कोतवाली पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। अगर किसी दस्तावेज के गायब होने की जानकारी मिलती है तो उसे अलग से एफआईआर में जोड़ा जायेगा। एहतियातन पूरे रिकॉर्ड रूम का वीडियो रिकॉर्डिंग भी करवाया गया है।

### झामुमो की अहम बैठक आज, सूची पर लगेगी मुहर

# दुमका से नलिन, गिरिडीह से मथुरा महतो बने प्रत्याशी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झामुमो ने गुरुवार को दुमका और गिरिडीह लोकसभा सीटों से उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। दुमका से नलिन सोरेन और गिरिडीह से मथुरा प्रसाद महतो को उम्मीदवार बनाया है। झामुमो को सीट शेयरिंग के तहत पांच सीटे मिली है। तीन अन्य सीटों के प्रत्याशियों की घोषणा अभी बाकी है। 5 अप्रैल को रांची में झामुमो की होनेवाली बैठक में अन्य प्रत्याशियों के नाम पर अंतिम मुहर लगने की उम्मीद है। बैठक में सीएम चंपई सोरेन और पूर्व सीएम की पत्नी कल्पना मौजूद रहेंगी। दुमका और गिरिडीह के प्रत्याशियों की घोषणा के पूर्व सीएम ने होटवार जेल जा कर पूर्व सीएम से भेंट की। साथ ही कई मुद्दों पर चर्चा की। दोनों प्रतकी उपस्थिति में उम्मीदवारों के नाम पर लग सकती है अंतिम मुहर इन दोनों सीटों पर अब साफ हो गया है कि दुमका में सीता सोरेन का मुकाबला झामुमो के नलिन सोरेन से होगा। इससे पहले माना जा रहा था कि यहां से हेमंत सोरेन उम्मीदवार हो सकते हैं, लेकिन अब सभी तरह के चर्चाओं पर विराम लग गया है। वहीं, गिरिडीह में आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी की टक्कर झामुमो के मथुरा महतो से होगी। (शेष 13 पर)

### हेमंत से मिले चंपई, कई मुद्दों पर बातचीत



सीएम चंपाई सोरेन ने गुरूवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। दोनों में लोकसभा चुनाव से लेकर तमाम मुद्दों को चर्चा हुईं। पांच अप्रैल को झारखंड मुक्ति मोर्चा ने विधायक दल की बैठक बुलायी है। सीएम के अलावा बसंत सोरेन, कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने भी हेमंत सोरेन से मुलाकात की है।

### चंपई की अध्यक्षता में आज बैठक

झामुमो ने 05 अप्रैल को अपने सभी विधायक, सांसदों और पार्टी पदाधिकारियों की अहम बैठक बुलायी हैष कांके रोड स्थित सीएम आवास में होने वाली इस बैठक की अध्यक्षता चंपई सोरेन करेंगे। शुक्रवार को होने वाली बैठक में कल्पना सोरेन भी शामिल होंगी। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन के आदेश पर होने वाली बैठक इस मामले में महत्वपूर्ण है क्योंकि यह चुनाव की रणनीति से जुड़ी है। राज्य में कैसे 14 के 14 लोकसभा सीट पर जीत सुनिश्चित हो, इसकी रणनीति बनेगी। साथ ही झामुमो अपने उम्मीदवारों का नाम फाइनल करेगा।

### एलआरडीसी व बीडीओ पर गिरेगी गाज

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने गुरुवार को दुमका के सुदूरवर्ती तरणी एवं वृंदाबनी स्थित मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने कई अनियमितताएं पायीं। साथ ही कुछ स्थानों पर आदर्श आचार संहिता के उलंघन से संबंधित मामले भी मिले। इसपर उन्होंने नाराजगी जताते हुए दुमका डीसी आंजनेयुलू दोड्डे को दुमका के एलआरडीसी अब्दुल समद एवं रानेश्वर के प्रखंड विकास पदाधिकारी शिवाजी भगत के विरुद्ध आदर्श आचार संहिता से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के उल्लंघन के मामले में कारण पृच्छा करने का निर्देश दिया। दुमका के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में स्थित मतदान केंद्रों के औचक निरीक्षण के उपरांत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने समीक्षा बैठक की एवं आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिये।

## गिरिडीह पुलिस ने बस से बरामद किया 1.09 करोड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची, गिरिडीह।** जिला प्रशासन और एफएसटी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए महारानी यात्री बस से 1.09 करोड़ रुपया बरामद किया है। गिरिडीह के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि बुधवार की रात उन्हें यह सूचना मिली कि बिहार के गया से कोलकाता जा रही बस में एक करोड़ से अधिक राशि को बरामद की गयी। इस राशि से चुनाव को प्रभावित किये जाने की आशंका थी। वहीं आइजी अभियान सह राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने गुरुवार को बताया कि चुनाव आयोग की ओर से आधार आदर्श आचार संहिता लागू करने के बाद से उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। झारखंड पुलिस ने आचार संहिता लागू होने से अब तक राज्य के अलग-अलग जिलों में चेकपोस्ट पर वाहन चेकिंग के दौरान 2.20 करोड़ रुपये बरामद किये हैं। आचार संहिता के दौरान किसी के पास 50 हजार से ज्यादा कैश मिलने पर इसके स्रोत की जानकारी पूछी जायेगी। अगर 10 लाख से अधिक कैश होगा तो यह आयकर विभाग की जांच के दायरे में आयेगा। गिरिडीह एसडीपीओ धनंजय कुमार राम, बगोदर थाना प्रभारी समेत अन्य कर्मियों की टीम ने वाहन जांच अभियान चलाया और बगोदर थाना के औरा के पास महारानी बस को खंगाला गया तो 1.09 करोड़ रूपया मिला।

### पूर्व सीएम से जुड़े मामले में कोर्ट ने लिया संज्ञान

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े बड़गाई अंचल के 8.46 एकड़ जमीन घोटाले को लेकर ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर गुरुवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने संज्ञान ले लिया है। मामले के जांच अधिकारी ने जांच पूरी करते हुए हेमंत सोरेन समेत पांच पर मनी लाउंड्रिंग के आरोप में 30 मार्च को अभियोजन शिकायत (चार्जशीट) दाखिल की थी। मामले में संज्ञान लेने के बाद हेमंत सोरेन समेत पांचों आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गयी है। इसमें से दो आरोपी हेमंत सोरेन एवं बड़गाई अंचल के निलंबित राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद जेल में है। जबकि अन्य चार्जशीटेड तीन आरोपी हेमंत सोरेन के करीबी मित्र बिनोद सिंहए बरियातू इलाके में रहने वाला हिलेरियस कच्छप एवं तथाकथित जमीन मालिक राज कुमार पाहन के खिलाफ अदालत ने समन जारी किया है। तीनों की उपस्थिति के लिए अदालत ने 18 अप्रैल की तारीख निर्धारित की है। ईडी ने हेमंत सोरेन को बीते 31 जनवरी को देर रात गिरफ्तार किया था। एक फरवरी को जेल भेज गया था। तब से वह जेल में हैं। गिरफ्तारी के 60वें दिन मामले में चार्जशीट दाखिल की गई। ईडी ने पूर्व में सिर्फ भानु प्रताप प्रसाद के खिलाफ 3 अगस्त 2023 को केस किया था।

# पूर्णिया बनी हॉट सीट, पप्पू यादव ने भी किया नामांकन

## राजद से बीमा भारती, जदयू से संतोष कुशवाहा मैदान में

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में नामांकन का आज आखिरी दिन है। बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट प्रदेश में 'हॉट सीट' बन गई है। गुरुवार को पप्पू यादव ने पूर्णिया सीट से निर्दलीय नामांकन भरा। बुधवार को महागठबंधन में शामिल राजद प्रत्याशी बीमा भारती ने पूर्णिया लोकसभा सीट से नामांकन का पर्चा दाखिल किया तो गुरुवार को अपनी जन अधिकार पार्टी का कांग्रेस में विलय कर चुके पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने भी नामांकन भरा। अब इस सीट पर मुकाबला दिलचस्प हो गया है। जदयू ने यहां से फिर संतोष कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया है। बिहार महागठबंधन में सीट बंटवारे के समझौते के मुताबिक, राजद 26, कांग्रेस 9 और वाम दल 5 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। इस समझौते के मुताबिक पूर्णिया सीट राजद के खाते में है। हालांकि, कांग्रेस में शामिल हुए पप्पू यादव के नामांकन में कांग्रेस पार्टी के कोई वरिष्ठ नेता नहीं पहुंचे। (शेष 13 पर)



### पप्पू के समर्थकों की भारी भीड़ थी

नामांकन के दौरान समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। नामांकन के पहले पप्पू यादव अपने माता-पिता से आशीर्वाद लेने पहुंचे। उन्होंने घर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान पूर्व सांसद की मां ने आरती उतारकर और दही, मिठाई खिलाकर नामांकन के लिए भेजा। पप्पू यादव नामांकन के लिए बुलेट पर सवार होकर समाहरणालय पहुंचे और नामांकन दाखिल किया। उन्होंने पूर्णिया से जीत का दावा किया। इस दौरान भारी संख्या में लोग उनके साथ नजर आये। पप्पू यादव ने जगह-जगह पर लोगों के पैर छुए और आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन में कांग्रेस को पूर्णिया सीट नहीं मिलने के बाद पूर्णिया की जनता के लगातार आग्रह पर उन्होंने अपने नामांकन का फैसला लिया।

### योगेंद्र साव और मीरा सिंह से घंटो पूछताछ

## इडी दफ्तर नहीं पहुंची अंबा, मांगी मोहलत

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** इडी समन पर गुरुवार को विधायक अंबा प्रसाद नहीं पहुंच सकीं। उन्होंने मोहलत मांगी है। वही इडी अधिकारियों ने गुरुवार को पूर्व मंत्री योगेंद्र साव और तुपुदाना ओपी की पूर्व प्रभारी दारोगा मीरा सिंह से घंटों पूछताछ की। पूर्व मंत्री से ईडी ने बुधवार की पूछताछ में बालू के अवैध कारोबार सहित कई मामलों में कई अहम दस्तावेज मांगे थे। इसे लेकर पूर्व मंत्री कार्यालय पहुंचे थे। वसूली, अवैध बालू खनन और जमीन पर कब्जा को लेकर इडी ने 12 मार्च को विधायक अंबा प्रसाद सहित 20 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान 35 लाख रुपये, डिजिटल उपकरण, सर्किल कार्यालयों, बैंकों आदि के नकली टिकट और हाथ से लिखी रसीदें, डायरियां आदि के रूप में विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किये थे। राज्य में अवैध बालू खनन से जुड़े साक्ष्य भी बरामद किये गये थे। इडी ने मीरा सिंह से भी लंबी पूछताछ की। इससे पहले दो अप्रैल को भी वह पेश हुई थी। इडी अफसरों ने उनकी उपस्थिति में उनके डिजिटल डिवाइस से डाटा निकाला था। डाटा निकालने का काम पूरा नहीं होने की वजह से मीरा सिंह को फिर से हाजिर होने का निर्देश दिया गया था। (शेष 13 पर)

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 65500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 82000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख



## स्पीड न्यूज

### डालटनगंज की प्रथम मेयर अरुणा शंकर को पितृशोक



**मेदिनीनगर।** चेंबर अध्यक्ष आनंद शंकर के ससुर और प्रथम महापौर अरुणा शंकर के पिता राजकुमार गुप्ता (72) दो अप्रैल की संध्या 6.58 बजे बॉम्बे हिंदूजा हॉस्पिटल में अंतिम सांस लिये। वह दो माह से अस्वस्थ थे। वे अपने पीछे तीन पुत्री और धर्मपत्नी छोड़ गये। सबसे बड़ी बेटी मेदिनीनगर की महापौर रही अरुणा शंकर हैं, जो दो माह से उनके साथ थी। 3 अप्रैल को उनके पैतृक निवास बलरामपुर जिले के कछिया ग्राम छत्तीसगढ़ में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें काफी संख्या में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ मेदनीनगर शहर के ईस्ट मित्र और झारखंड के लोग अंतिम दर्शन के लिए शामिल हुए। स्व गुप्ता को मुखाग्नि स्वर्गीय उनके भतीजे शैलेश गुप्ता एवं राकेश गुप्ता उर्फ बबलू ने दी। वहीं आनंद शंकर अतिथियों से मिलकर इस दुख की घड़ी में साथ खड़े रहने के लिए आये अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### महुआ शराब के साथ गिरफ्तार, जेल



**हरिहरगंज पलामू।** पुलिस ने बुधवार को एनएच 98 इंटर-स्टेट चेकपोस्ट पर वाहन जांच के दौरान बाइक पर 45 लीटर महुआ शराब ले जाते हुए यश कुमार को गिरफ्तार किया है। जिसे गुरुवार को जेल भेज दिया गया। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक भांवर गांव निवासी राम विमल बैठा का पुत्र है। इसके विरुद्ध हरिहरगंज थाना में उत्पाद अधिनियम के तहत कांड संख्या 46/ 24 दर्ज की गयी है। उन्होंने बताया कि अवैध शराब कारोबारी के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

### रोटरी क्लब के सभा कक्ष में शोक सभा

**मेदिनीनगर।** रोटरी क्लब मेदिनीनगर के सभा कक्ष में रो अनुग्रहनारायण शर्मा की अध्यक्षता में एक शोक सभा हुई। जिसमें प्रथम महापौर अरूणा शंकर के पिता राजकुमार गुप्ता के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। रो श्री शर्मा ने सभी सदस्यों को उनकी जीवनी तथा उनके कृत्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। शोक सभा में शरदेंदू भूषण, रो पवन कुमार लाठ, रो अवधेश तिवारी, रो कामेश्वर नाथ शर्म, रो विजया शर्मा, रो अरूणा भसीन उपस्थित थे।

### पूर्व वार्ड पार्षद दुदून सिंह को भ्रातृशोक

**मेदिनीनगर।** पूर्व पार्षद सह समाजसेवी दुदून सिंह के छोटे भाई आनंद सिंह उर्फ बुचून का निधन ईलाज के दौरान दिल्ली में हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। बड़े भाई रामाकांत सिंह उर्फ दूदून हैदराबाद, रांची में इलाज कराने के बाद दिल्ली में भर्ती कराये थे। जहां बीती रात्रि निधन हो गया। निधन पर इनके शुभचिंतक व परिजनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। बुचून अपने पीछे एक पुत्री, पत्नी, भाई, भतीजा समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। इनका पार्थिव शरीर दिल्ली से शुक्रवार को आबादगंज स्थित पैतृक आवास पहुंचेगा।

### व्याख्यानमाला सात को

**मेदिनीनगर।** शहर के प्रसिद्ध पत्रकार रामेश्वरम के व्यक्तित्व व कृतित्व पर व्याख्यानमाला सात अप्रैल को शाम छह बजे संत मरियम स्कूल के छात्रावास प्रांगण में किया गया है। इसकी जानकारी सुबह की धूप के संपादक शिव शंकर प्रसाद ने दी। बताया कि सात अप्रैल को व्याख्यानमाला में किसान आंदोलन से जुड़े नेत व विचारक केडी सिंह द्वारा लिखित पुस्तक अपराध का लोकार्पण भी किया जायेगा।

### सात को शाम 6 बजे दीपोत्सव कार्यक्रम

**मेदिनीनगर।** आसन्न लोकसभा निर्वाचन में शत- प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 7 अप्रैल को शाम 6 बजे स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत कोयल रिवर फ्रंट पर दीपोत्सव किया जायेगा। इस दिन जेएसएलपीएस की दीदी व आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाएं कोयल नदी तट पर हजारों दीप जलाकर लोकसभा चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान का संदेश देंगी। दीपोत्सव के अलावे पेपर लालटेन को हवा में उड़ाकर, घाट पर मोमबत्ती जलाकर मतदाता जागरूकता का संदेश देंगी। इसके अतिरिक्त अन्य कई कार्यक्रम भी होंगे। स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी रवि कुमार ने मेदिनीनगर शहरवासियों से इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने को कहा है।

### फरार अभियुक्तों के घर साटा इश्तेहार



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के पांच मुहल्लों के फरार अभियुक्तों के घर पुलिस ने डुगडुगी बजाकर इश्तेहार चिपकाया है। ये सभी पांच नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध शहर थाना में आर्म्स एक्ट एवं अन्य मामलों में प्राथमिकी पूर्व में ही दर्ज की गयी कि जो सभी पुलिस के नजरों से भागते चल रहे हैं। सब इंस्पेक्टर गुलशन बिरूआ ने बताया कि न्यायालय से प्राप्त इश्तेहार को डुगडुगी बजाकर फरार चल रहे अभियुक्तों के घर चिपकाया गया है। परिजनों को हिदायत दी गयी कि वे जल्द न्यायालय में समर्पण करें, वरना अग्रेतर कार्रवाई होगी।

### सुदेश का पलामू-गढ़वा का दौरा जल्द



**मेदिनीनगर।** रांची स्थित आवास में केंद्रीय अध्यक्ष सह पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश महतो से लंबी वार्ता हुई। पलामू व गढ़वा जिला के सांगठनिक विस्तार पर जोर दिया। कार्यकर्ताओं को बिना समय गंवाये मिशन 24 की सफलता में लग जाने का आह्वान किया। लोकसभा चुनाव में एनडीए झारखंड के 14 सीट पर जीत की गारंटी करे। तमाम शिकवा शिकायत भूल कर राष्ट्र के निर्माण के लिए सभी सीट पर जीत की गारंटी हो। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हमारा झारखंड वर्तमान सरकार मे छला गया है। सुदेश महतो के साथ वार्ता में मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय सचिव सह गढ़वा जिला प्रभारी सतीश कुमार, प्रो यूसी मेहता, भरत काशी व अभिरंजन तिवारी समेत कई लोग शामिल थे। इसी माह में केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो का पलामू व गढ़वा जिला के दौरा का तैयारी जोरदार ढंग से करने का आह्वान किया गया।

### पीडीजे के निर्देश पर सामूहिक दुष्कर्म पीड़िता से मिले डालसा सचिव

**मेदिनीनगर।** नवडीहा बाजार थाना अंतर्गत खैरादोहर पंचायत क्षेत्र में एक शादी समारोह में आर्केस्ट्रा देख लौट रही 11 वर्षीय नाबालिग के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में डालसा ने संज्ञान लिया है। डालसा अध्यक्ष व पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव के निर्देश पर डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने गुरुवार को दुष्कर्म पीड़िता से मिल जिला प्रशासन से पीड़ित प्रतिकर राशि शीघ्र दिलाने की पहल की। जिसके तहत पीड़िता को तत्काल चार लाख रुपये दी जायेगी।

# बीडीओ ने बुका, चुरादोहर और जयपुर में बूथ सेंटर का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

## बूथ पर विधि व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं की हकीकत जानी

■ साथ ही ग्रामीणों को भयमुक्त होकर लोकसभा चुनाव में वोट डालने को प्रेरित किया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मतदान केंद्र पर सुविधाओं का हाल जानने पहुंचे पदाधिकारी।

**पाटन पलामू।** बीडीओ अमित झा ने दिन गुरुवार को बुका एवं चुरादोहर तथा जयपुर बूथ सेंटर का निरीक्षण किया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को बूथ सेंटर पर विधि व्यवस्था व बुनियादी सुविधाओं को लेकर जायजा लिया। साथ ही ग्रामीणों को भयमुक्त होकर लोकसभा चुनाव में वोट डालने को प्रेरित किया। मौके पर नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडे ने लोगों को कहा कि लोकसभा चुनाव में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने की संभावना दिखाई देती है तो प्रशासन से संपर्क करें उस पर तत्काल कार्रवाई की जायेगी।

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आज से तीन दिवसीय दौरे पर पलामू में

■ छह विधानसभा में बूथस्तीय कार्यकर्ता बैठक में बूथ जीतने का देंगे मंत्र : अमित तिवारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आगामी 5 अप्रैल से 7 अप्रैल तक भाजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष वह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी अपने तीन दिवसीय दौरे पर पलामू पहुंच रहे हैं। इसकी जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने बताया कि पलामू लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 6 विधानसभाओं में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता बैठक को श्री मरांडी संबोधित करेंगे एवं पलामू गढ़वा के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को बूथ जीतने का मंत्र भी देंगे।





कार्यक्रम की तैयारी तैयारी को लेकर हुई बैठक में तय हुआ सभी बूथ कार्यकर्ता समय पर कार्यक्रम स्थल चंद्रा रेजिडेंसी बैरिया चौक मेदिनीनगर पहुंचकर मरांडी जी का स्वागत एवं अभिनंदन भी करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी वरिष्ठ नेता एवं प्रभारी प्रत्येक विधानसभा में तत्परता के साथ लगे हुए हैं। चुनावी शंखनाद के बाद मरांडी जी का पलामू लोकसभा में तीन दिवसीय चुनावी दौरा से कार्यकर्ता एवं समर्थकों में उमंग है और सभी आने वाले कल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं कि अपने प्रदेश अध्यक्ष से सीधा रूबरू होकर संवाद कर सके। बैठक में पलामू सांसद सह भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम उर्फ बीडी राम, बिधायक अलोक चौरसिया, परशुराम ओझा, विभाकर नारायण पाण्डेय, प्रफुल्ल सिंह, उदय शुक्ला, अजय तिवारी आदि उपस्थित थे।

76 डालटनगंज विधानसभा में 5 अप्रैल दिन शुक्रवार पूर्वाह्न 10:30 बजे से मेदिनीनगर स्थित चंद्रा रेजिडेंसी में आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

## झारखंड की सभी सीटों पर कमल खिलाने की कोशिश में भाजपा

# विश्रामपुर के कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

■ कार्यकर्ताओं को करेंगे संबोधित : जिलाध्यक्ष

**खबर मन्त्र संवाददाता**



प्रेस वार्ता को संबोधित करते जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी व अन्य।

**विश्रामपुर पलामू।** लोकसभा चुनाव को लेकर विश्रामपुर रामचंद्र चंद्रवंशी विवि स्टेडियम में दोपहर दो बजे कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जहां प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी विधानसभा क्षेत्र के नेता, कार्यकर्ता व बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सहित प्रदेश महामंत्री भाग लेंगे। भाजपा प्रत्याशी सह निवर्तमान सांसद विष्णु दयाल राम को भारी मतों से जिताते हुए अबकी बार भाजपा के 400 की लक्ष्यों को पूरा करना है। उक्त बातें पार्टी के पलामू जिलाध्यक्ष अमित तिवारी व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डा ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से कही। वे गुरुवार को विश्रामपुर आरसीआईटी में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। कहा कि भाजपा नेता व कार्यकर्ता हर घर तक पहुंच पार्टी के विचारों को पहुंचायेंगे। पार्टी प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करना सभी कार्यकर्ताओं का लक्ष्य होगा। भारी मतों से विष्णु दयाल राम को जीताने को सभी प्रतिबद्ध हैं। ताकि 400 के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। वहीं पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है।

**ये रहे उपस्थित :** मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह प्रभारी विश्रामपुर ओमप्रकाश तिवारी, भाजपा नेता सह पूर्व जिला परिषद भोला सिंह, जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र चंद्रवंशी, इद्रीस हवारी मौजूद थे।

# ओबीसी को भागीदारी नहीं दे रहे हैं राजनीतिक दल : विनय प्रसाद

## ओबीसी समाज को हल्के में न लें राजनीतिक दल : सतीश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** झारखंड में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा ओबीसी समाज को तरजीह नहीं दिया जा रहा है। इतना ही नहीं राजनीतिक क्षेत्र में भी उपेक्षा किया जा रहा है। जबकि झारखंड में ओबीसी समाज निर्णायक भूमिका में होता है इसके बावजूद राष्ट्रीय स्तर से लेकर क्षेत्रीय स्तर तक के राजनीतिक दल ओबीसी समाज को दरकिनार करता है। उक्त बातें पिछड़ा वर्ग ओबीसी एकता अधिकार मंच के झारखंड प्रदेश के विनय प्रसाद ने प्रेस वार्ता कर कही।

उन्होंने दो नंबर टाउन स्थित लि कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीतिक पार्टियां ओबीसी के साथ सौतेला व्यवहार करत आ रहा है जो आनेवाले समय में ओबीसी समाज इसका करारा जवाब देगा। शौंडिक समाज के अध्यक्ष सतीश कुमार साहू ने कहा कि लोकसभा, विधानसभा या नगर निकाय की जब चुनाव होती है तो उसमें ओबीसी समाज से किसी को प्रत्याशी नहीं बनाया जाता है। ऐसे में राजनीतिक दल ओबीसी समाज को हल्के में न ले। उन्होंने कहा कि चतरा लोकसभा सीट पर ओबीसी समाज का हक बनता है। कारण कि इस लोकसभा क्षेत्र में ओबीसी समाज के लोग निर्णायक भूमिका में होते हैं। ऐसे में इन्हें नजरअंदाज करना उचित नहीं है। प्रेस वार्ता में रघुनाथ कुमार, संजय कुमार, नागेंद्र कुमार, राधेश्याम कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे।

# चौहरमल कल्याण समिति ने मनायी बाबा बीर चौहरमल की 711वीं जयंती

■ बाबा वीर चौहरमल साहसी पुरुष थे : शशि कुमार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** चौहरमल कल्याण समिति ने नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत गम्हरिया स्थित बाबा बीर चौहरमल की 711वीं जयंती समारोह मनायी गयी। मौके पर पासवान समाज के राजनीतिक व प्रतिष्ठिक लोगो ने बीर बाबा चौहरमल की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिलेश कुमार पासवान व संचालन दिनेश कुमार पासवान ने की। इस अवसर पर समिति द्वारा दूगोला भोजपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इससे पूर्व हुसैनाबाद नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार, पूर्व जिप मदन पासवान, अखिलेश पासवान, सरिता देवी, मुखिया नरेश पासवान, विमलेश पासवान ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर शशि कुमार ने कहा कि बीर चौहरमल एक साहसी पुरुष थे तथा उस समय में रूढ़िवादी व्यवस्था के खिलाफत किया।

# हरिहरगंज में वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल की जयंती समारोह संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र के भगत तेंदुआ स्थित वीर बाबा चौहरमल तथा दिवंगत रामविलास पासवान के निमार्णाधीन मंदिर स्थल पर गुरुवार को वीर बाबा चौहरमल की 711वीं जयंती समारोह हर्षोल्लास पूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बाबा चौहरमल कल्याण समिति के प्रमंडलीय अध्यक्ष सुनील पासवान, संरक्षक कामता पासवान, प्रमंडलीय सचिव जितेंद्र पासवान, जिला अध्यक्ष संदीप पासवान सहित अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से बाबा चौहरमल की तस्वीर पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि वीर शिरोमणि बाबा चौहरमल जी ने समाज की पीड़ित व शोषित वर्ग के अधिकार के लिए जीवन पर्यन्त संघर्ष किया है। उनके विचार को आत्मसात करने की जरूरत है। कई वक्ताओं ने बाबा चौहरमल के जीवनी पर प्रकाश डाला।

### बाइक से ले जा रहे 103.68 लीटर शराब जब्त



**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में उत्पाद विभाग लगातार छापेमारी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में गुरुवार की अहले सुबह हरिहरगंज के बरवादोहरी इलाके में अभियान चला। इस दौरान बाइक में लदा कुल 103 .68 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। इसमें संलिप्त विपिन यादव, रुपेश भुइयां, रंजन भुइयां, अखिलेश भुइयां को जेल भेजा गया। वहीं पवन पासवान के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया। उत्पाद अधीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि उपायुक्त शशि रंजन के निदेर्शानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत यह अभियान चलाया जा रहा है।

### दो क्विंटल अवैध जावा महुआ को पुलिस ने किया नष्ट



**पाटन पलामू।** प्रखंड के नावा जयपुर थाना क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार अवैध महुआ शराब बनाने को लेकर छापामारी जारी है। इसके तहत गुरुवार को जयपुर गांव में अलग-अलग जगह छापामारी की गयी। इस दौरान पुलिस ने 2 क्विंटल जावा महुआ एवं शराब बनाने वाले उपकरणों के साथ 30 लीटर अवैध महुआ शराब नष्ट किया। छापामारी दल में नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय सहित पुलिस बल के कई जवान शामिल थे। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध महुवा शराब बनाने वाले की खैर नहीं चुनाव को लेकर थाना क्षेत्र में छापामारी जारी रहेगा। छापामारी की खबर सुन महुआ शराब बनाने वाले में हड़कंप मच गया है।

# सरकार चुनने का मौका व्यर्थ न जाने दें, वोट जरूर करें : डीईओ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

■ स्वीप कार्यक्रम के तहत ऑटो संघ से जुड़े लोगों ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

■ सैकड़ो ऑटो के पीछे लगाया गया मतदाता जागरूकता संबंधित संदेश



**मेदिनीनगर।** जिले में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को शहर के ऑटो चालक संघ से जुड़े लोगों द्वारा शहर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी साथ ही ऑटो एसोसिएशन से जुड़े लोग अपने ऑटो के पीछे मतदाता जागरूकता संदेश युक्त बैनर को भी लगाया। एसोसिएशन से जुड़े लोगों ने सैकड़ों ऑटो के पीछे स्वीप कोषांग से प्राप्त मतदाता जागरूकता से संबंधित बैनर पोस्टर लगवाया। इसके अलावे ऑटो में बैठने वाले पैसेंजर्स से भी 13 व 20 मई को मतदान करने की बात कही।

### अनियमितता के मामले में सेमरी डीलर निलंबित

**मेदिनीनगर।** ग्रामीणों के शिकायत पर जांच में मामला सही पाने पर राशन वितरण मामले में अनियमितता पाये जाने सेमरी डीलर विनय शर्मा को निलंबित किया गया है। पाटन प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने 23 मार्च को सेमरी में विनय शर्मा के जन वितरण दुकान की जांच की गयी थी। जिसमें ग्रामीणों के राशन नहीं देने की बात सही पायी गयी। पाया गया कि उक्त डीलर ग्रामीणों के बीच तीन माह से राशन वितरण नहीं किया है। इसके अलावे डीलर ई पॉश मशीन में लोगों अंगूठा लगवा लिया है।

# हाइटेंशन लाइन से ट्रैक्टर में लगी आग ट्रैक्टर हुआ खाक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड के प्रखंड कार्यालय के नजदीक बुधवार की रात्रि में बालू खाली कर रहे ट्रैक्टर में हाईटेंशन लाइन में आने से आग लग गयी। जबकि चालक किसी तरह अपने जान बचा कर भागा। ट्रैक्टर मालिक प्रखंड क्षेत्र के बनुआ निवासी राजकुमार यादव का बताया जा रहा है । प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो ट्रैक्टर में आग की लपटे इतना था कि रात में दिन जैसे उजाला हो गया तथा बम फटने जैसी आवाजें आने लगी। हालांकि ट्रैक्टर मालिक ने चतुराई दिखाते हुए सुबह ट्राली लें गया उसने बाद जला हुआ इंजन भी मौके से गायब कर दिया ताकि यह मामला किसी को भी पता नहीं चल सकें। इधर गुरुवार को सुबह लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजु कुमार गुप्ता ने सांगबार से अवैध बालू लदे एक ट्रैक्टर को जब्त भी किया है।

### विप्र परिवार के लिए युवा वाहकों का खून का कतरा-कतरा है समर्पित : देवेंद्र तिवारी



**मेदिनीनगर।** संगठन का औचित्य कीर्तिमान बनकर सामने आता है जिसका स्वरूप राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी में देखने को मिल रहा है। व्हाट्सएप ग्रुप में संपर्क करने के उपरांत एक दूसरे को मदद करने को उत्साहित विप्र परिवार के सदस्य सामने आ रहे हैं। निरंतर खून की कमी होने पर जान बचाने के लिए रक्तवीर रक्तदान कर रहे हैं। ऐसे ही रक्तवीरों को राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी झारखंड प्रदेश कमेटी की ओर प्रदेश कार्यालय में सम्मानित किया गया। पूर्वडीहा के भानू दुबे, कजरू पांडु के अनुज पाण्डेय, तिरूआ के छोटू पाण्डेय को प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, संरक्षक मनु प्रसाद तिवारी, संजय पांडेय, अनिल दुबे, प्रदीप दुबे, विकास दुबे ने पगड़ी बांध कर उज्वल भविष्य की शुभकामना दी।

# किराना दुकान में लगी आग से लाखों का सामान जलकर खाक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अगलगी से हुई क्षति प्रदर्शित करती तस्वीर।

**तरहसी पलामू।** थाना क्षेत्र के बेदानी में अगलगी से लगभग एक वर्ष पूर्व एक साइकिल दुकान में अगलगी की घटना हुई थी, जिसमें दुकान में साइकिल के सारा सामान जलकर खाक हो गया था। इस तरह आग लगने के मामला में लोगों ने दबी जुबान से कहते हैं यह शरारती तत्वों का काम है, पिछले कुछ दिनों से कई गुमटियां के साथ दुकान में अगलगी की घटना ने व्यवसायियों की नींद उड़ा दी है। बुधवार की रात करीबन 11 से 12 बजे के बीच संदीप कुमार के किराना दुकान में आग लग गयी। आग लगने की जानकारी दुकान मालिक ने संदीप कुमार को दी। संदीप कुमार ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह बुधवार की देर शाम आठ बजे दुकान बंद करके घर गए थे। रात 11 से 12 बजे के बीच आग लगा दी गयी। मकान मालिक अत्ताउल्लाह अंसारी ने इसकी जानकारी संदीप को दी गयी। सूचना मिलने पर तरहसी प्रशासन और आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे और करीब एक से डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से किराना दुकान का सारा सामान जल कर बर्बाद हो गया।

**क्या कहते हैं पीड़ित**

वहीं संदीप कुमार ने बताया कि दुकान में आग लगने से करीबन 2 लाख 50 हजार की नुकसान हुआ है। भुक्तभोगी ने पुलिस प्रशासन से अगलगी घटना की जांच करने की मांग की है। साथ ही सरकार से मुआवजे की मांग की है। संदीप अपने परिवार को इसी दुकान से भरणण पोषण करते थे। तरहसी मे हो रहे इस तरह लगातार अलगी की घटना को देखते हुए चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद ने इस तरह की घटना पर नराजगी जाहिर किया और पलामू पुलिस अधीक्षक से जांच की मांग की है।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत पड़वा में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट और विभिन्न प्रतियोगिताएं छह से

**खबर मन्त्र संवाददाता**



चंद्रदेव प्रसाद, बीडीओ पंडवा।

**पंडवा पलामू।** स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत पलामू लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पड़वा प्रखंड प्रशासन द्वारा विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है ताकि मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सकें। इसी कार्यक्रम के तहत पड़वा बाजार के बगल में स्थित मैदान में दो दिवसीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है।

पड़वा प्रखंड के बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि दो दिन दिनांक 06 अप्रैल एवं 07 अप्रैल को पड़वा के बाजार मैदान में निर्वाचन का स्वीप कार्यक्रम किया जाना है। जिसका शुभारंभ 06 अप्रैल को शाम 5 बजे किया जायेगा। शाम 5 बजे से यह कार्यक्रम प्रारंभ होगा, जिसमें 4 क्रिकेट मैच खेले जायेंगे। जिसमें कुल 8 टीम हिस्सा लेगी। 7 अप्रैल को दिन भर मैदान में प्रतियोगी कार्यक्रम चलेगा।

सुबह 7 बजे से 11 बजे तक सभी विद्यालय के बच्चो के लिए कार्यक्रम होंगे। जिसमें निर्वाचन से जुड़े पेंटिंग, क्विज, टेस्ट, भाषण एवं अन्य प्रतियोगिताएं करायी जायेगी एवं शाम को 3 से 5:30 बजे के बीच महिलाओं से जुड़े कार्यक्रम रंगोली, मेहंदी एवं कुकिंग कराने की तैयारी है और फिर शाम 05:30 से 10 बजे रात्रि तक तीन मैच दो सेमीफाइनल और एक फाइनल किया जाना है।

बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने आमजनों से इस स्वीप कार्यक्रम में अधिक से संख्या में भाग लेने की अपील की है। बीडीओ ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग निश्चित रूप से करना चाहिए।

## आपूर्ति विभाग ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**बरवाडीह।** लोकसभा चुनाव को लेकर चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत आपूर्ति विभाग बरवाडीह के द्वारा गुरुवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रखण्ड कार्यालय बरवाडीह से निकाले गए जागरूकता अभियान का नेतृत्व प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार रवि कर रहे थे। जिसमें प्रखण्ड के एक दर्जन से अधिक जन वितरण प्रणाली विक्रेता मौजूद थे। अभियान के तहत जन जन की यही पुकार वोट करेगा लातेहार के नारे लगाए जा रहे थे। आपूर्ति पदाधिकारी ने बताया कि मतदान करना हर सच्चा और अच्छा नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। यह हर व्यक्ति का अधिकार है कि वह अपने मतों का प्रयोग कर एक स्वच्छ और निष्पक्ष सरकार का चयन कर सके। इसलिए अपने आसपास पड़ोस सभी लोगो को जागरूक करें कि वह लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जागरूकता कार्यक्रम में डीलर संघ के अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद के साथ-साथ मुरारी अग्रवाल, बनवारी सिंह, अशोक राम, बसंत सिंह, अशोक सिंह, मनोहर लाल, बिरेंद्र कुमार और शिवकुमार जयसवाल समेत कई विक्रेता मौजूद थे।

# चमातू ग्राम में एक ही परिवार के हुए ट्रिपल हत्या का नहीं मिला कोई सुराग

### परिजनों ने सीबीआई जांच की मांग की

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** सीसीएल द्वारा संचालित मगध कोलियरी के चमातू ग्राम के तिलैयाटांड टोला में बुधवार को हुए ट्रिपल हत्या से पूरा गांव में दहशत व्याप्त है। सीसीएल कर्मी विनोद उरांव एवं उसका पुत्र अंकित कुमार एवं पुत्री प्रिया कुमारी का एक तालाब में मोटरसाइकिल में बंधा हुआ शव मिलने के बाद लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। परिजनों ने कहा कि हत्या किए जाने के बाद घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी इस घटना का उद्भेदन नहीं किया जा सका है। इसलिए इस हत्या की जांच सीबीआई से कराते हुए दोषियो को फांसी की सजा दी जाए। गुरुवार को मृतक की पत्नी गुड्डी देवी ने रोते बिलखते बार-बार कह रही थी कि उसका मात्र दो बच्चे ही थे एक साथ दोनों बच्चे व पति की हत्या कर दिया गया। अब हम किसके भरोसे रहेंगे और वह रो-रो कर बार-बार बेहोश हो रही थी। इधर परिजनों ने बताया कि विनोद उरांव रविवार को यह कह कर बच्चों के साथ निकला था कि दोनों बच्चो को हॉस्टल में छोड़ दूंगा और लपरा(खलारी)अपनी साली के यहां जाकर रुक जाऊंगा। लेकिन वह अपनी साली के घर पहुंचा ही नहीं ऐसा आशंका जताया जा रहा है कि अपराधियों द्वारा तीनों की हत्या करने के बाद उसके शव को मोटरसाइकिल में बांधकर तालाब में डाल दिया। मृतक के पिता करमा उरांव ने कहा कि मेरा सीसीएल में चार एकड़ जमीन गया था। जिसके एवज में मेरा दोनों पुत्र विनोद उरांव एवं मनोज उराँव सीसीएल में चार माह पूर्व नौकरी मिली थी। वह डकरा प्रतिदिन आता-जाता था। मेरा पुत्र का किसी के साथ कोई विवाद भी नहीं था और ना ही कभी वह शराब का सेवन करता था इधर ट्रिपल हत्या के बाद पूरे गांव में आक्रोश व्याप्त है ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि इस घटना का उद्भेदन जल्द से जल्द किया जाए एवं दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। अगर पुलिस प्रशासन इस घटना का उद्भेदन शीघ्र नहीं करती है तो हम लोग भय के माहौल में अपने गांव में नहीं रह पाएंगे। वहीं इस सबंध में बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय ने बताया कि इस सम्बंध में मृतक के पिता करमा उराँव ने आवदेन दिया है। जिसके आधार पर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं बालूमाथ एसडीपीओ आशुतोष कुमार सत्यम ने कहा कि घटना के हर पहलू की जांच किया जा रहा है। शीघ्र ही उद्भेदन कर लिया जाएगा।





रो-रोकर परिजनों का हालत खराब, अंतिम संस्कार करते लोग

**ग्रामीणों ने कहा जब से सीसीएल द्वारा विस्थापित किया है तब से सात लोगों की हो चुकी है मौत :** इधर ग्रामीणों ने कहा कि सीसीएल बिगत एक वर्ष पूर्व के सभी लोगों को विस्थापित कर ओजा ग्राम में बसने के लिए जमीन उपलब्ध कराई है। हम लोग अपने गांव में सरना, माड़र, देवस्थल, तालाब व प्रकृति की पूजा करते आ रहे थे। सीसीएल द्वारा जिस स्थान पर हम लोगों को बसा रही है वहां पर हम लोग अपनी परंपरा को नहीं निभा पा रहे हैं। अभी तक पिछले छह माह के भीतर सात लोगों अकाल मौत हो चुकी है।

**पिता-पुत्र-पुत्री का एक साथ हुआ अंतिम संस्कार :** इधर बालूमाथ पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण के बाद परिजनों को सौप दिया। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान गांव में मौहोल गमगीन हो गया। गांव वालों ने बताया की ऐसी हृदय विदारक घटना होने के कारण पूरे गांव में मातम सा पसरा हुआ है। घटना के बाद किसी के घर का चूल्हा तक नहीं जल पाया है। गांव वालों का कहना था कि अगर विनोद उरांव की किसी से कोई दुश्मनी थी तो उसकी हत्या होती लेकिन बच्चों की किसी से क्या दुश्मनी थी। मासूम बच्चों ने किसी का क्या बिगाड़ा था।गांव वालों का कहना था की विनोद उराँव अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना चाहता था। जिसके लिए मैकलुस्कीगंज के एक बड़े स्कूल में अपने बच्चों का नामांकन करवाया था लेकिन बच्चे एक दिन भी पढ़ नहीं पाए।

## शुक्र बाजार टांड़ फील्ड को लेकर विवाद गरमाया

### प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद मामला हुआ शांत



मामला शांत कराती पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखण्ड के अलौदिया पंचायत अंतर्गत शुक्र बाजार टांड फील्ड को लेकर चल रहा विवाद बार फिर से गर्म हो गया है। हरैया में लगने वाले वार्षिक पशु मेला लगने की सुगबुगाहट शुरू होने के बाद अलौदिया निवासी सीमा देवी पति स्व. जमुना तुरी व संतोष जायसवाल ने अंचल में आवेदन देकर इसको लेकर आपत्ति जताई व गुरुवार की सुबह विवादित जमीम पर दो अलग-अलग पक्षो ने दावा ठोक दिया जिसके बाद माहौल गर्म हो गया। सूचना के बाद अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार, सीआई ऋषिदेव कमल दल बल के साथ मौके पर पहुंचे व दोनो पक्षो के साथ ग्रामीणों की बातों को भी सुना, इस दौरान मेला व बाजार की बंदोबस्त लेने वाले ठेकेदार से मेला में क्या क्या लगना है, इसकी जानकारी ली। इसी बीच स्थानीय महिलाएं मेला को नही रोकने की मांग पर अड़ गयी। स्थानीय लोगो का कहना था कि हरैया में लगने वाले वार्षिक पशु मेला से वर्ष भर स्थानीय लोगो का जीवकोपार्जन चलता है। इसलिए इसे बाधित नही किया जाए। प्रशासन के ग्रामीणों को समझाते हुए कहा कि वर्तमान में चुनाव के निमित अचार संहिता लागू है ऐसे में जो वरीय अधिकारियों का आदेश होगा उसे हर हाल में पालन किया जाएगा। मामले को लेकर पूछे जाने पर अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक ने बताया कि एसडीओ के आदेश के बाद ही मेला में मनोरंजन के साधन लगेगा या नही इसका निर्णय लिया जाएगा।

## चंदवा में युवाओं में बढ़ रहा है नशे की लत

**चंदवा।** जिस बेहद खतरनाक नशे की लत से एक समय पंजाब के युवा बर्बाद हो रहे थे, आज उसी नशे की लत की जद में चंदवा के युवा आने लगे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन दिनों चंदवा जैसे छोटे शहर मे भी धड़ल्ले से ब्राउन शुगर कारोबार फलने फूलने लगा है और किशोर और युवा इसके शिकार हो रहे हैं। इस नशे का कारोबार का केंद्र गिद्धौर (चतरा) बना हुआ है वहाँ से झारखंड के कई जिले में ब्राउन शुगर भेजा जाता है। युवा पीढ़ी में तेजी से बढ़ रही इस नशे की लत समाज के लिए चिंता का विषय है। यह नशा शराब, गुटखा, सिगरेट का नहीं, बल्कि ब्राउन शुगर व चरस का है। इस तरह का नशा करने से युवाओं की मानसिक स्थिति बिगड़ती जाती है। नशे के आदि होने के बाद क्षेत्र में अपराध बढ़ता है। सूत्रों की माने तो शहर की कई मोहल्ले में ब्राउन शुगर पुड़िया की खरीद-बिकी दिनदहाई की जा रही। इंदिरा गांधी चौक, सुभाष चौक पर युवा होटलों से अक्सर एल्युमिनियम क्वाइल पेपर (खाना पैक करने का पेपर) देखे जा सकते हैं। जिसके बाद जर्जर भवन, निमार्णाधीन आवास, हाई स्कूल ग्राउंड, मोदी मैदान, डेम किनारे समेत सुनसान जगहों पर तस्करो व नशेडीयो का जमावड़ा लग रहा है।

# डेढ़ किलो अफीम व दस बोरा डोडा किया बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** गुप्त सुचना के आधार पर बालूभाँग पंचायत के ग्राम गुरुवे मे रंजीत गंझु के घर से छापामारी कर 10 बोड़ा सहित अवैध अफीम 1.580 ग्राम अफीम बरामद करने मे बारियातू पुलिस सफलता पायी है। जानकारी देते हुए बारियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की बालूभाँग के गुरुवे निवासी रंजीत गँझू अवैध अफीम का धंधा करता है। यदि अभी उसके घर मे छापामारी कि जाए तो उसके घर से अवैध अफीम एवं डोडा बरामद हो सकता है।

इसकी सुचना वरीय पदाधिकारी को दी गई। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन लातेहार के निदेर्शानुसार अनुमडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ आशुतोष कुमार सत्यम के नेतृत्व मे एक छापामारी दल गठन किया गया.जिसमे थाना प्रभारी राजा दिलवार, सअनि नीरज कुमार दुबे एवं सशस्त्रबल शामिल थे। पुलिस गाड़ी को आता देख रंजीत गंझु व उसके घर वाले गावं के अंदर से जंगल कि तरफ भागने मे सफल रहे। छापामारी दल के द्वारा रंजीत गंझु पिता स्व. ठेचा गंझु ग्राम गुरुवे बारियातु जिला लातेहार के घर से विधिवत तलाशी करने पर रंजीत गंझु के घर के अंदर से 1.580 किलो ग्राम पलास्टिक मे रखा अफीम जैसा पदार्थ एवं दस बोरिया मे अफीम डोडा का कुल एक क्विंटल पांच सौ ग्राम बरामद हुआ। जिसको विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त कर लिया गया। इस सबंध मे अभियुक्त कांड संख्या 28/2024 दिनांक 03/04/2024 धारा 15 (बी) 17 (बी)18 (बी) 18(सी)/22 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।



बरामद डोडा व अफीम

छापामारी दल मे शामिल पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष कुमार सत्यम, थाना प्रभारी राजा दिलावर,सअनि नीरज कुमार दुबे, आरक्षी 145 शंकर तियु, /147 त्रिपुरारी सिंह/322 अमान अंसारी (आईआरबी -04)आ0 /304 अमरजीत राम (आईआरबी 04)चा0आ0/837 लाडेन हसन शामिल थे।

## एक नजर में

### बुध बाजार दर्जी मुहल्ले में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चंदवा।** चंदवा शहर से सेट बुध बाजार स्थित दर्जी मुहल्ला में बुधवार की शाम एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की पहचान दुलार रजक के पुत्र हैप्पी कुमार (22) के रूप में हुई। फांसी लगाए जाने के बाद परिजन युवक को लेकर आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजनों के चीत्कार से अस्पताल का माहौल गमगीन हो गया। सूचना के बाद चंदवा पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सौप दिया। हालांकि युवक ने आत्महत्या क्यों की इसका पता नहीं चल पाया था। घटना को लेकर बताया जाता है कि मंगलवार की शाम युवक की माता टोरी साइडिंग की ओर खाली मालगाड़ी से कोयला चुनने गयी थी व युवक घर मे अकेले था। बता दे कि युवक चंदवा के मुख्य बाजार में जूता दुकान चलाता था।

### ट्रैक्टर ने सड़क किनारे खड़े बाईक को रौंदा, बाईक क्षतिग्रस्त

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुरूवार को एक्सचेंज ऑफिस के सामने ट्रैक्टर जेएच 02 ऐई 0325 ने बाईक स्पलेंडर प्रो जेएच 03एक्स 7834 को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाईक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। बतादें कि करीब तीन बजे के आस-पास बाईक चालक रोशन प्रसाद एक्सचेंज ऑफिस के सामने बाइक खड़ी कर एक्सचेंज ऑफिस में आधार सुधार करवाने गया था। इसी दौरान बस स्टैंड से थाना चौक जा रहा ट्रैक्टर ने बाईक को रौदते हुए दिवार में जा टकराया लेकिन गणिमत रही ही कि उस दौरान उस स्थल पर कोई नहीं था वरना बड़ी घटना घट सकती थी। वहीं दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना के करीब ढाई घंटे के बाद जेसीबी के माध्यम से ट्रैक्टर को हटाया गया।

### सेवानिवृत शिक्षक को दी गई विदाई

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के झाबर ग्राम स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में शिक्षक के सेवानिवृत हो जाने के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया और उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर उन्हें कई उपहार भी भेंट किए गए और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। आयोजित कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक शिवपूजन सिंह ने कहा की सिकंदर सिंह ने सन 2012 में विद्यालय में अपना योगदान दिया था और बीते 31 मार्च को सेवानिवृत हुए। उन्होंने अपना कार्य पूरी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा के साथ किया उनकी कमी से हमेशा खलती रहेगी। वही शिक्षक संजय पाठक निर्मल सिंह राजकुमार सिंह, मो.अरशद, दिनेश तिवारी, रूपचंद साहू, कोलेश्वर भगत राजू भगत समेत कई शिक्षको ने सेवानिवृत शिक्षक को माला एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।वहीं शिक्षक सिकंदर सिंह ने कहा की उन्होंने वर्षों से इस विद्यालय में अपनी सेवा दी है। उनका पढ़ाया हुआ कि विद्यार्थी आज एक से एक बढ़कर एक पदों में आसीन है।

### प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल का चंदवा में भव्य स्वागत करेंगे भाजपाई

**चंदवा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पलामू दौरे पर आ रहे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का चंदवा के इंदिरा गांधी चौक पर भाजपाइयों के द्वारा जोरदार स्वागत किया किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि बाबूलाल मरांडी के स्वागत कार्यक्रम के उपरांत उनके आवासीय प्रांगण में भाजपा मंडल कमिटी की बैठक भी होगी जिसमें चतरा संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी कालीचरण सिंह समेत मंडल में निवास करने वाले जिला के पदाधिकारी, मंडल के सभी पदाधिकारी, सभी मंच मोर्चा के अध्यक्ष एवं महामंत्री, सभी पंचायत अध्यक्ष, वरिष्ठ भाजपाई बैठक में शामिल होंगे। बैठक में चंदवा में क्षेत्र भ्रमण को लेकर रणनीति तैयार की जाएगी।

### स्वास्थ्य उपकेंद्र मकरा मे टीकाकरण के साथ किया गया मतदाता को जागरूक

**बारियातू।** प्रखंड के सिबला पंचायत अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र मकरा मे बीएलओ सबिता देवी की देख रेख मे टिकाकरण के साथ मतदाता जागरूक किया गया। उपकेंद्र मे आए महिलाओं को रंगोली बनाकर बताया गया की मताधिकार का उपयोग आप सभी अवश्य करें। किसी के बहकावे मे मतदान नहीं करें। दारू मुर्गा व पैसे के प्रलोभन मे नहीं जाएँ और अपना मतदान निष्पक्ष करें। वहीं वीवीपैट वैलेट कंट्रोल सहित एवीएम के बारे मे जानकारी दी गई। मौके पर एएनएम अर्चना हस्सा, सीएचओ ममता कुजूर, एमपीडब्लू अनु भगत, सहिया किरन्ति देवी, पूनम देवी, कुंती देवी, सहायिका पार्वती देवी, लालो देवी सहित कई महिलाएं उपस्थित थे।

### खराब पड़े जलमिनार को बनाने में दिलचस्पी नहीं ले रहे है जिम्मेवार

## भीषण गर्मी में पेयजल के लिए भटक रहें है राहगीर व स्थानीय लोग



छिपादोहर बाजार में खराब पड़ी जलमिनार

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** गर्मी के दस्तक देते ही भगवान सूर्य आग उगल रहें है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पेयजल संकट बढ़ता जा रहा है। लेकिन पंचायतों में लगे कई सोलर जलमीनार खराब अवस्था में पड़े है। बता दें कि 15 वें वित्त आयोग से पंचायतों में लाखों रुपए की लागत से सोलर जलमीनार लगाए गए थे। ताकि पंचायत क्षेत्र के लोगो को बेहतर पेयजलापूर्ति का लाभ मिल सके। जलमिनार के लगाने वक्त तो कई ठिकेदार इस लूट की योजना को हथियाने के लिए मुखिया, पंचायत सेवक, प्रखण्ड समन्वयक और प्रखण्ड कार्यालय का चक्कर काट रहे थे। सरकार की ओर से आज भी यह योजना आ जाए तो दर्जनों ठिकेदार प्रखण्ड कार्यालय का चक्कर काटना शुरू कर देंगे। लेकिन अब जब जलमिनार खराब हो रहे है तो इसे देखने वाला कोई नहीं है। लोग जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाकर थक जा रहे है, पर जनप्रतिनिधि जलमिनार को ठीक कराने में किसी प्रकार की दिलचस्पी नहीं ले रहे है।

ताजा मामला बरवाडीह प्रखण्ड के छिपादोहर बाजार का है। जहां स्थानीय निवासी सह भाजपा नेता मुन्ना गुप्ता ने बताया कि जलमिनार को खराब हुए 18 दिन हो गए है। इसकी सूचना स्थानीय मुखिया को पूर्व में दी गई है। वहीं पीएचडी विभाग से लेकर प्रखण्ड प्रशासन को भी अवगत कराया गया है। लेकिन अब तक जलमिनार को ठीक नहीं कराया गया है।

जलमीनार खराब होने के बाद उसकी सुध लेने वाला कोई नही है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जनप्रतिनिधि और विभाग योजना के प्रति कितने गंभीर रहते है। पंचायतों के जनप्रतिनिधियों का भी वही हाल है। लगता है कि सिर्फ योजना के शिलान्यास तक ही जनप्रतिनिधियों को चिंता रहती है।

अगर ऐसा नही होता तो आज पंचायतों में जलमीनार कई कई माह से खराब अवस्था मे पड़े नही रहते। पुराने चापानलो में ही जलमीनार को लगाने के कारण लगभग चापानल खराब हो गए है। सवाल उठता है कि लाखों की लागत से लगाए जाने वाले ऐसे योजनाओ के खराब होने के बाद क्या मरम्मत की दिशा में कोई फंड शेष रखा जाता है या फिर बिना योजनाबद्ध तरीके से ही ऐसी योजनाओ को धरातल पर उतार दिया जाता रहा है। वहीं इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ता है। भीषण गर्मी को देखते हुए ऐसे जलमीनार को अविलंब मरम्मत कराने की आवश्यकता है।

# बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी मिले: प्रकाश राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित पुराना स्टेट बैंक के समीप गुरुकुल माई छोटा स्कूल का उद्धघाटन पूर्व विधायक प्रकाश राम, जिला परिषद उपाध्यक्ष अनिता देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं मां भारती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बोलते हुए पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा आज हम डिजिटल युग के दौर में है।बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी मिले उसके लिए शिक्षको को भी संस्कारी होना जरूरी है। बच्चे संस्कार और संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं।

इस कारण उनमें भटकाव की स्थिति देखने को मिल रही है। यह अत्यंत चिता का विषय है। हमें इसको लेकर समय रहते सचेत होना होगा। जिप उपाध्यक्ष अनिता देवी ने कहा की बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए स्कूलों का बड़ा महत्व है। क्षेत्र के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए खोले गए स्कूल से बच्चों को पूरा लाभ मिलेगा।वही विद्यालय के प्रधानाचार्य रंजन कुमार ने कहा कि उनका विद्यालय आज के बदलते दौर की तर्ज पर तैयार किया गया है।

विद्यालय में डिजिटल क्लास, कम्प्यूटर शिक्षा, खेलते-खेलते पढ़ने के लिए एक से बढ़कर एक स्टूमेंट मौजूद है। वह विद्यालय के डायरेक्टर अजित ओझा ने कहा कि वह वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हैं। आज आधुनिकता के दौर को ख्याल रखते हुए इस स्कूल का निर्माण किया गया है साथ ही यह भी ख्याल रखा गया है कि बच्चों में संस्कार कैसे भरा जाए। मौके पर विद्यालय में अपनी-अपनी कक्षा में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। मौके पर भाजपा नेता शैलेश सिंह, रवि सिंह, अखिलेश भोक्ता, रामनाथ सिंह, भूषण कुशवाहा, विजय प्रसाद, बबलू चौरसिया, दशरथ पासवान, ओम पांडे, अमरनाथ पांडे, संतोष लाल, विद्यालय की शिक्षिका लवली सिन्हा, दीपू सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।



उद्घाटन करते पूर्व विधायक

# भ्रष्टाचार के खिलाफ चतरा में एसीबी की बड़ी कार्रवाई, घूस लेते पंचायत सचिव गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने बड़ी \देवी मंडप तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य के लिए 2,10,000 रुपये की योजना प्राप्त की थी और मार्च महीने में उन्हें 1,00,000 रुपये का भुगतान प्राप्त हुआ।

शेष 1,10,000 रुपये के भुगतान के लिए उन्होंने पंचायत सचिव अजय साव से संपर्क किया, लेकिन अजय साव ने उनसे 5,000 रुपये की रिश्वत मांगी। धर्मेंद्र साव ने रिश्वत देने से इनकार कर दिया और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग को आवेदन दिया। सत्यापन के बाद, अजय साव पर रिश्वत मांगने का आरोप सही पाया गया और उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग थाना कांड संख्या-05/2024 दिनांक-03.04.2024, धारा-7 (ए) भ्रष्टाचार निरोधक (संशोधित) अधिनियम-2018 के तहत मामला दर्ज किया गया। 4 अप्रैल 2024 को, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ट्रैप टीम ने दंडाधिकारी और दो स्वतंत्र साक्षियों की उपस्थिति में अजय साव को धर्मेंद्र साव से 5,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद, अजय साव के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## आम्रपाली कोल परियोजना में सीबीआई व एसीबी की बड़ी कार्रवाई

## सीसीएल के क्लर्क जीतन गंझू को पचास हजार रुपये रंगें हाथ लेते किया गिरफ्तार

**टंडवा (चतरा)।** बुधवार को, सीबीआई और एसीबी की टीमों ने आम्रपाली कोल परियोजना के महाप्रबंधक कार्यालय के समीप एरिया सेल्स ऑफिस में सीसीएल के कर्मी जीतन गंझू को लगभग 50,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी आम्रपाली कोल परियोजना के डिस्पैच ऑफिसर सुधांशु शर्मा के इशारे पर कोयले की वर्कआर्डर पेपर की समिट करने के नाम पर 17 रुपये प्रति टन लेने की शिकायत के बाद की गई। सीबीआई और एसीबी की टीमों ने दोपहर 3:30 बजे से जांच शुरू की और कोल डिस्पैच से जानकारी प्राप्त करने के



लिए कंप्यूटर और पेपरों की जांच की। जांच के दौरान यह भी पता चला कि कोल ट्रांसपोर्टर द्वारा शिकायत की गई थी कि ट्रांसपोर्टर द्वारा वर्कआर्डर लेने और पेपर वर्क करने के नाम पर 17 रुपये प्रति टन डिस्पैच ऑफिसर और उनके क्लर्क कर्मी द्वारा लिया जाता था। सूचना मिली है कि इस रिश्वतखोरी में महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह भी शामिल थे और उनके इशारों पर ही डिस्पैच ऑफिसर द्वारा यह वसूली की जाती थी। सीबीआई और एसीबी की टीमों ने महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह, डिस्पैच ऑफिसर सुधांशु शर्मा और सीसीएल क्लर्क जीतन गंझू से पूछताछ की है और आगे की जांच जारी है।

## स्पीड न्यूज

### पूजा अर्चना के साथ शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

**कोडरमा।** मेरिडियन अकादमी प्रांगण में विद्यार्थियों व शिक्षकों ने पूरे विधि विधान के साथ नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में हवन तथा पूजा अर्चना पवित्रता एवं सादगी के साथ आयोजित की गई। वहीं प्राचार्य अभिषेक कुमार पांडेय ने शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी। मौके पर प्रवीण पांडे, उदय कुमार यादव, कुरेश शर्मा, अरुण कुमार, रुनि कुमारी, निशा कुमारी, अंजलि, नीलम कुमारी, रितिका जैन, दीपक प्रमाणिक, राजदेव मोदी, राजकुमार, कृष्णा, अमन राज, सूरज कुमार, आर्यवीर अविका शर्मा आदि लोग मौजूद थे।

### अवैध शराब व्यापार के विभिन्न स्थानों पर छापामारी

**कोडरमा।** लोक सभा आम चुनाव 2024 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त के निर्देशानुसार अधीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल कोडरमा एवं अवर निरीक्षक उत्पाद, चलिष्णु दल-2 द्वारा डोमचांच थानान्तर्गत सपही एवं पारहो तथा कोडरमा थानान्तर्गत निरो पहाड़ी स्थित अवैध शराब के व्यापार के विभिन्न स्थानों पर छापामारी की गई। छापामारी में कुल 90 लीटर अवैा चुलाई शराब जप्त किया गया। साथ ही अवैध शराब के व्यापार में संलिप्त कुल 4 लोगों में बालदेव साव, कैलाश तुरी, राजेश सिंह, खीरू साव को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### अवैध महुआ शराब के विरुद्ध चला छापेमारी अभियान

**सतगावां (कोडरमा)।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर एसपी अनुदीप सिंह के निर्देश पर थाना प्रभारी विजय गुप्ता गुरुवार को अवैा महुआ शराब के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चला। अभियान के दौरान उन्होंने प्रखंड के कटैया पंचायत अंतर्गत ग्राम ढाब के मुसहरिया टोला निवासी कृष्णा मुसहर व अशोक मुसहर दोनों पिता स्व. गया मुसहर तथा रामबालक मुसहर पिता स्व.महेश्वर मुसहर के घरों से देसी महुआ शराब को जप्त किया गया। इस सम्बां में थाना प्रभारी ने बताया कि छापेमारी के दौरान कुल सौ लीटर देसी महुआ शराब जप्त किया गया। साथ ही उन्होंने शराब के कारोबार में संलिप्त अन्य लोगों का सत्यापन के उपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जाने की बात कही। छापेमारी दल में थाना प्रभारी विजय गुप्ता, हवलदार रामदेव प्रसाद, पवन कुमार, चौकीदार मुसाफिर यादव आदि शामिल थे।

### आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर समीक्षात्मक बैठक

**सतगावां (कोडरमा)।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रखंड सभागार में गुरुवार को जिला भू-अर्जन पदाधिकारी गिरिजा शंकर कुमार की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। वहीं बताया गया की विगत लोकसभा चुनाव के बाद इस चुनाव में बूथों की संख्या बढ़ाई गई है, जिसमें लगातार औचक निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन करते हुए विधि व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखना है, इसके अलावे मतदाताओं में जागरूकता अभियान भी निरंतर चलाया जाना है। ज्ञात हो की विगत चुनाव में सतगावां का वोट प्रतिशत सम्मानजनक नही था। बैठक में बीडीओ सौरभ कुमार, सीओ ओमप्रकाश बड़ाईक व थाना प्रभारी विजय गुप्ता, बालेश्वर यादव, किसून यादव, प्रसादी यादव, कुलदीप पासवान, सर्वेश कुमार, भुनेश्वर चौधरी उपस्थित थे।

### रामनवमी महा समिति की बैठक शनिवार को

**कोडरमा।** रामनवमी महा समिति की बैठक गुरूववार को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गयी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगली बैठक शनिवार को 11 बजे से कोडरमा बर्णवाल धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। उक्त जानकारी प्रवीण चंद्रा ने दिया।

## बिना अनुमति के शीशम के कीमती पेड़ काटने का मामला पकड़ा तुल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र में फिर एक बार बिना अनुमति के शीशम के कीमती पेड़ काटने का मामला तुल पकड़ता जा रहा है। यह पेड़ कोडरमा-कोवाड़ मुख्य मार्ग स्थित मरकच्चो डाक बंगला के समीप का है, वहीं पेड़ काटे जाने की सूचना ग्रामीणों के द्वारा सीओ को दी गई। जिसके उपरांत सीओ परमेश्वर कुशवाहा ने जांच हेतु एक टीम का गठन किया। वहीं जांच टीम में राजस्व उप निरीक्षक, प्रभारी अंचल निरीक्षक एवं अंचल अमीन से स्थानीय जांच कराया गया। जांच के उपरांत पाया गया कि स्थल पर सूखे हुए पेड़ काट कर कई टुकड़ों में विभाजित कर दो जगह पर रोड के किनारे पड़े हुए हैं।

## जिले के सभी कॉलेजों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में डिजिटल स्वीप कार्यक्रम का आयोजन

# अपने मताधिकार का करें प्रयोग, मतदान अवश्य करें : डीडीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में गुरूवार को स्वीप गतिविधि के तहत जिले के सभी कॉलेजों एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में डिजिटल स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने ग्रिजली विद्यालय और नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह




जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा जेजे. कॉलेज में आयोजित स्वीप कार्यक्रम में शामिल हुए। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में युवा मतदाताओं से सक्रिय भागीदारी निभाने, मतदान के दिन सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा सोशल मीडिया के अफवाहों एवं फेक न्यूज़ पर ध्यान न देने का आह्वान किया गया। जिले के विभिन्न विद्यालयों में स्वीप गतिविधि के तहत् डेमोक्रेसी रूम तैयार किया गया, इसके अतिरिक्तचुनाव संबंधित वॉल पेंटिंग, रंगोली, वाद-विवाद, चुनावी पाठशाला, पोस्टर मेकिंग एवं रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**डोमचांच (कोडरमा)।** बैजनाथ प्रसाद स्नेही बीएड. कॉलेज डोमचांच में लोकसभा चुनाव-2024 को ध्यान में रखते हुए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। वहीं महाविद्यालय के सचिव हिमांशु कुमार ने अभिभावकों को अपने बहुमूल्य वोट देने हेतु प्रेरित किया। वहीं उन्होंने कहा कि आपके एक वोट से एक अच्छे प्रतिनिधि का चुनाव कर सकते हैं, इसलिए अपने एक वोट के महत्व को समझें और अपना मत अवश्य दें। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भूपेन्द्र ठाकुर ने मतदाता हेल्पलाइन ऐप सभी छात्रों, शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं उपस्थित अभिभावक के मोबाईल में डाउनलोड करवाया।

## प्रभात रंजन को अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर मिली प्रोन्नति



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** टंडवा में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के पद पर योगदान देने वाले प्रभात रंजन बरवार को अपर पुलिस अधीक्षक के पद पर प्रोन्नति मिली है। डीआईजी सुनील भास्कर ने टंडवा एसडीपीओ श्री बरवार के कंधों पर अपने कार्यालय में पिपिंग सेरेमनी कार्यक्रम के दौरान अशोक स्तंभ लगाकर शुभकामनाएं दी। डीआईजी ने कहा कि जिस उत्साह और ऊर्जा के साथ अबतक की पुलिस सेवा में पुलिस उपाधीक्षक के तौर पर प्रभात ने अपना बेहतर कार्यक्षमता का परिचय दिया है। नवप्रोन्नत अपर पुलिस अधीक्षक श्री बरवार ने कहा कि अबतक मैंने ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए खाकी की गरिमा को गौरवान्वित करने का प्रयास किया है। सरकार ने मुझे जो नई जिम्मेवारी सौंपी है, उसे टास्क के रूप में पूरा करूँगा।

## मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों रंगोली एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, हस्ताक्षर अभियान, मतदाता शपथ ग्रहण आदि का आयोजन स्वीप के तत्वावधान में किया गया। वहीं मुख्य अतिथि के रुप में डीडीसी ऋतुराज उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रमों में मतदाता जागरूकता रंगोली एवं लोकतांत्रिक कक्ष का निरीक्षण किया। साथ ही प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी पूजा, रवि, पुजा कुमारी, लक्ष्मी मंडल, मनीष कुमार, रवि कुमार यादव, उमा कुमारी, इफ्तेकार अंसारी एवं नूतन कुमारी को डीडीसी द्वारा पुरुस्कृत किया गया। मौके पर अनामिका कुमारी, रिंकी कुमारी, अंगूरी खातून, शीतल मोदी, संजीत कुमार, अनिल कुमार दास, निशा कुमारी, दीपक पाण्डेय, चुन्नु कुमार, शिक्षेकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

## सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने किया प्रखंड का दौरा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** चतरा लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह को कार्यकर्ताओ ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। सांसद प्रत्याशी का टिकट मिलने के बाद कुंदा में पहली बार पहुँचे। महादेव मठ में सांसद प्रत्याशी ने पूजा अर्चना करने के बाद ग्रामीणों से मिलकर रूबरू हुए। सांसद प्रत्याशी कालीचरण सिंह ने टिकट मिलने पर जनता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि

### राजद कार्यकर्ताओ ने थामा भाजपा का दामन

यह जनता की अडिग आवाज का परिणाम है कि मुझ जैसे साधारण कार्यकर्ता को आला कमान ने टिकट दिया है।

उन्होंने कहा की क्षेत्र का सवार्गीण विकास हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी,जनता के बीच हमेशा भाई बनकर हर सुख दुःख में सहभागी बना रहूँगा। ज्ञात हो की चतरा लोकसभा से दो बार सांसद रहे सुनील सिंह की जगह कालीचरण सिंह को भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है।

## प्रमंडल आयुक्त ने लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण, दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग सुमन कैथरीन किस्पोट्टा द्वारा कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में उन्होंने मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं यथा बिजली, पानी, शौचालय और शौचालय में रनिंग वाटर की व्यवस्था, पंखा की व्यवस्था, पोलिंग पार्टी की रूकने और बैठने की व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैप व व्हील चेयर की व्यवस्था आदि चीजों की जानकारी ली। आयुक्त ने मतदान केंद्रो पर



मतदाता के बारे में जानकारी ली। मतदान करने कि प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए हर छोटी से छोटी तैयार करने को कहा। उन्होंने दिव्यांग व 85 वर्ष से ऊपर वाले मतदाताओं के बारे में जानकारी ली। वहीं आयुक्त ने कहा कि पोलिंग पार्टी और मतदाताओं की सुविधा के लिए स्वच्छ शौचालय एवं उसमें रनिंग वाटर की व्यवस्था करने, शौचालय के दीवार पर पुरूष एवं महिला अंकित करने, शौचालय के रास्तों में साइनेज लगवाने के अलावा शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। मतदान केन्द्रों पर आवश्यकतानुसार अस्थाई शेड लगायेंगे। आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग द्वारा चंदवारा प्रखंड के आरएमएम हाई स्कूल के मतदान केन्द्र संख्या 190, 191, 192, 193, 194, 195 और उत्क्रमित मय विद्यालय के मतदान केन्द्र संख्या 8 और कोडरमा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च प्लस टू उच्च विद्यालय मेघातरी के मतदान केन्द्र संख्या 174, 175, उत्क्रमित उच्च विद्यालय इंदरवा देहाती के मतदान केन्द्र संख्या 235 व 236 का निरीक्षण किया गया।

**मेघातरी चेकपोस्ट का किया निरीक्षण :** आयुक्त उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग द्वारा मेघातरी चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया एवं वाहनों की जांच करने वाले पंजी का अवलोकन किया। वहीं उन्होंने हर छोटे-बड़े वाहनों का नियमित रूप से जांच करने का निदेश दिया। उन्होंने चेकपोस्ट पर सीसीटीवी कैमरे की भी जानकारी ली। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, एसडीओ रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजुर, डीटीओ विजय कुमार सोनी, बीडीओ, सीओ, एपीआरओ अविनाश कुमार आदि लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

## लोकसभा आम चुनाव-2024 की तैयारियों से संबंधित बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त चतरा रमेश घोलप की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव-2024 से संबंधित महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिले के विभिन्न मतदान केन्द्रों की स्थिति, सी0ए0पी0एफ0 की आवासन स्थल, इंटरमिडिएट स्ट्रांग रूम, पी0-2 एवं पी0-1 डिस्पैच, क्रिटिकल एवं वल्नरेबल बूथ आदि विषयों पर पुलिस अधीक्षक, कमाण्डेंट सीआरपीएफ, उप विकास आयुक्त अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा एवं सिमरिया, सभी अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी के साथ गहन विचार विमर्श किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

साथ ही लोकसभा आम चुनाव-2024 की सभी तैयारियां ससमय पर पूर्ण कराने का निर्देश दिया एवं भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार लागू आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने का निर्देश दिया।

## कोल वाहन ने गोलंबर को ठोका, नेताजी की प्रतिमा ध्वस्त



खबर मन्त्र संवादाता

**सिमरिया (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के सिमरिया चौक में बुधवार की रात एक अनियंत्रित ओवरलोड कोल वाहन ने गोलंबर को ठोक डाला जिससे गोलंबर के साथ नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा खंड-खंड होकर ध्वस्त हो गई। प्रतिमा के इस प्रकार मलवे में तब्दील होने से ग्रामीण और छात्र छात्रों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि प्रशासन इन बेलगाम ओवरलोड कोल वाहनों को नियंत्रित करें अन्यथा इनके विरुद्ध उग्र आंदोलन किया जाएगा। गौरतलब है कि ध्वस्त हुआ गोलंबर सिमरिया चौक के मध्य में स्थित था जिसमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित थी। यह प्रतिमा सिमरिया वासियों के लिए बेहद आदरणीय थी। यहां के समस्त राजनीतिक और राष्ट्रीय कार्यक्रम इस प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद ही शुरू होता था। किंतु इस प्रतिमा को बेलगांव कोल वाहनों द्वारा लगातार ध्वस्त कर अपमानित किया जा रहा है। ग्रामीण और छात्र-छात्राएं इस कुकर्म के लिए स्थानीय प्रशासन के लापरवाही को दोषी मान रहे हैं।

## प्रदेश महासचिव ने कुंदा प्रखंड का किया दौरा



खबर मन्त्र संवादाता

**कुंदा।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव संजय कुमार सुमन और जिला अध्यक्ष आलोक कुमार ने गुरुवार को कुंदा प्रखंड क्षेत्र का दौरा किया। दौरे के दौरान, उन्होंने कुंदा प्रखंड अध्यक्ष और पत्रकार धर्मेंद्र गुप्ता को प्रेस क्लब चतरा के संयुक्त सचिव पद पर निर्वाचित होने पर बधाई दी और मिठाई खिलाई। साथ ही, उन्होंने संगठन के विस्तार पर चर्चा की।

## चहारदीवारी निर्माण में अनियमितता, घटिया निर्माण देखकर ग्रामीण भड़के



खबर मन्त्र संवादाता

**चतरा।** जिले के टंडवा प्रखंड के जाने माने एसएस+2 स्कूल की चहारदीवारी सुंदरीकरण निर्माण में अनियमितता की शिकायत ग्रामीणों ने की है। ठेकेदार मनमानी करके और स्कूल प्रबंधन के साथ मिलकर प्राक्कलन योजना के अनुरूप निर्माण नहीं कर रहा है। नियमानुसार स्कूल की चहारदीवारी पिलर की नींव की गहराई कम से कम पांच फीट होनी चाहिए, लेकिन दो फीट गहराई पर ही पिलर की नींव रखी गई है, जिससे पिलर कमजोर हो गए हैं। साथ ही प्राक्कलन का उल्लंघन करते हुए निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है। ग्रामीणों ने चतरा उपायुक्त से मामले की जांच कर ठेकेदार और स्कूल प्रबंधन की साठगांठ पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## स्पीड न्यूज

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर का डीसी ने किया निरीक्षण



चैनपुर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने गुरुवार को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर विधि व्यवस्था की जानकारी ली। वहीं स्वास्थ कर्मियों से मुलाकात कर स्वास्थ सेवाओ को दुरुस्त करने की बात कही। साथ ही लोकसभा आम चुनाव को लेकर सभी क्लस्टरों में स्वास्थ्य सुविधा बेहतर रखने का निर्देश दिया है। हरेक बूथ में बिजली व्यवस्था शौचालय की व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने की बात कही। तदोपरांत उपायुक्त की अध्यक्षता में चैनपुर अनुमंडल के चैनपुर डुमरी एवं जारी के पदाधिकारी के साथ 4 घंटे तक लंबी मैराथन बैठक चली। उपायुक्त ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने अपने मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए वहां की आधार भूत संरचनाओं को अविलंब दुरुस्त करने का निर्देश दिया। मॉक पोल एवं मतदान के समय से संबंधित भी जानकारी दी। इस दौरान सिविल सर्जन राजू कच्छप सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

### लोकसभा चुनाव को लेकर बीडीओ व सीओ ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



घाघरा। लोकसभा चुनाव को लेकर घाघरा प्रखंड के रुकी और हेदमी गांव स्थित मतदान केंद्र का गुरुवार को बीडीओ और सीओ ने निरीक्षण किया। इस क्रम में बीडीओ दिनेश कुमार और सीओ आशीष कुमार मंडल ने मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधा शौचालय पेयजल, बिजली और फर्नीचर की जानकारी ली। साथ ही सभी मूलभूत सुविधाओं को देख कई आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित शिक्षकों को दिया। उन्होंने कहा कि जहां मूलभूत सुविधा का अभाव है। वहां जल्द से जल्द मूलभूत सुविधा को पूरा करें। चुनाव कर्मियों और मतदान देने आने वाले वोटरों को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। मौके पर कनीय अभियंता सतीश कुमार बंसल सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

### बिहार में आयोजित विश्वविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी रवाना



गुमला। पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय हैंडबॉल टूर्नामेंट का आयोजन 6 से 9 अप्रैल तक बिहार के ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय दरभंगा जिले में होनी है। जिसमें रांची विवि की टीम पहली बार भाग ले रही है। वहीं टीम में कार्तिक उरांव विश्वविद्यालय गुमला और स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी का चयन बीते कुछ महीने पहले बैजनाथ जालान सिसई में चयन ट्रायल में हुआ था। जिसमें गुमला जिला से आठ खिलाड़ियों का चयन हुआ है। जिसमें कार्तिक उरांव महाविद्यालय से खिलाड़ी के रूप में रवि, अनीश, नीरज, प्रवीण, विजय, सद्दाम, दीपक व बीएन जालान से खिलाड़ी शामिल है। टीम गुरूवार को गुमला से रांची रवाना हुई। स्पोर्ट्स अकादमी के निदेशक जुन्नू रैन ने टीम के खिलाड़ियों को मिठाई खिला कर और माला पहना कर रवाना किया। कार्तिक उरांव कॉलेज के प्रो सह समाज सेवी डॉ सतीश गुप्ता जी ने भी टीम को बधाई दी और जीत कर आने की बात कही। प्रो मनोज कुमार साहू ने कहा पूर्वी क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर जीत कर आने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी में जगह बनाने की बात खिलाड़ियों से कही। मौके पर खिलाड़ी विकास साहू, अरीब आब्दीन, शशांक, संतोष, सचिन, शिवांशु उपस्थित थे।

### रायडीह पुलिस ने बीयर लदे ऑटो को पकड़ा, चालक गिरफ्तार, गया जेल



रायडीह। रायडीह पुलिस ने गुप्त सूचना के अधार पर गुरुवार को बीस पेटी बीयर लदे एक ऑटो को जब्त किया है। ऑटो रायडीह से चैनपुर की ओर रही थी। पुलिस ने उसे थाना क्षेत्र के केराडीह के पकड़ा। उसके बाद बीयर और ऑटो को जब्त कर ऑटो ड्राइवर सुरेश सिंह पिता केशरी सिंह (35) को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार एक ऑटो सरकारी शराब दुकान से शराब लेकर चैनपुर की ओर जा रहा था। थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के द्वारा गुप्त सूचना मिली कि रायडीह से चैनपुर की ओर शराब भेजी जा रही है। जिसपर त्वरित कारवाई करते हुए रायडीह थाना के ने बीयर लदे एक ऑटो को पकड़ा।

### चुनाव को लेकर एलआरडीसी ने घाघरा में पदाधिकारी व पर्यवेक्षको के साथ की बैठक

घाघरा। बीडीओ कार्यालय घाघरा में गुरुवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एलआरडीसी सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी राजीव कुमार ने पर्यवेक्षको के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में एलआरडीसी राजीव कुमार ने पदाधिकारी और कर्मियो को निर्देश देते हुवे कहा जितने भी जगह मतदान बूथ केंद्र संचालित है वहां वायरिंग,पंखा की व्यवस्था,शौचालय, जाने के लिए रास्ता सहित अन्य सुविधाओं को समय से पूर्ण करे ।ताकि किसी भी तरह की समस्याओं का सामना ना करना पड़े। वही जो मतदाता 80 वर्ष से अधिक या दिव्यांग है। उन सभी को मतदान बूथ केंद्र तक ले जाने के लिए वॉलिंटियर्स की नियुक्ति करनी है। जिस पर बीडियो दिनेश कुमार ने कहा कि वॉलिंटियर्स की नियुक्ति कर ली गई है। साथ ही पर्यवेक्षको को क्षेत्र भ्रमण एवं प्रतिदिन शाम को समीक्षात्मक बैठक करने हेतु बीडीओ को दिशा निर्देश दिया। इसके साथ उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द मतदान केंद्र में मूलभूत सुविधा को पूर्ण कराने की बात कही। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार, सीओ आशीष मंडल, सहायक अभियंता रंजीत कुमार, सतीश कुमार बंसल, पंकज कुमार साहू, अशोक कुमार सहित कई पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

### इचा विद्यालय में दुर्लभ उल्लू का जीवित बच्चा जमीन पर गिरा मिला



घाघरा। घाघरा प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय ईचा में गुरुवार को दुर्लभ उल्लू का जीवित बच्चा गिरा हुआ जमीन पर मिला। जहां बच्चों ने उल्लू को उठाकर पानी पिलाया। इसके बाद इसकी सूचना विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार साहू को दिया। जिसके बाद विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजय कुमार साहू ने इसकी जानकारी पत्रकार प्रवीण कुमार को दूरभाष पर दी। जहां पत्रकार प्रवीण कुमार के माध्यम से फॉरेस्टर शेखर सिंह को दूरभाष पर सूचना दी गई। वहीं 2 घंटे के बाद फॉरेस्ट गार्ड उक्त विद्यालय पहुंचे। जहां उक्त दुर्लभ उल्लू के बच्चे को कब्जे में लिया। फॉरेस्टर शेखर सिंह ने बताया कि उल्लू के बच्चे को कब्जे में लिया गया है। जिसे वन क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दी जाएगी। उल्लू की प्रजाति कम होते जा रही है संरक्षण करना सभी का कर्तव्य है।

# सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सुविधाओं की लें जानकारी: उपायुक्त

>> चैनपुर, डुमरी व जारी प्रखंडों के मतदान केंद्रों की अद्यतन स्थिति को लेकर चैनपुर में हुई समीक्षा बैठक
>> सुरक्षा संबंधी विषय पर भी चर्चा



**खबर मंत्र संवाददाता**

**गुमला।** लोकसभा चुनाव के तैयारियों के निमित गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यर्थी की अध्यक्षता में चैनपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में 68 गुमला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चैनपुर, डुमरी व जारी प्रखंड की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें सभी प्रखंड के मतदान केंद्रों में चुनावी तैयारियों को लेकर अद्यतन स्थिति की उपायुक्त ने समीक्षा की। उपायुक्त द्वारा सभी प्रखंड अंतर्गत सभी मतदान केंद्रों एवं क्लस्टरों में पानी, बिजली, पहुंच पथ, फर्नीचर, रैंप, शौचालय जैसे प्राथमिक सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली। इस दौरान बैठक में विधि व्यवस्था से संबंधित तैयारियों के विषय में भी चर्चा की गई। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने अपने मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए वहां की प्राथमिक सुविधाओं की जांच करने हेतु निर्देश दिया गया। जिन बूथों में पानी बिजली की सुविधा नहीं है वहां तत्काल पानी एवं बिजली की व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही मतदान केंद्रों की आधार भूत संरचनाओं को भी अविलंब दुरुस्त करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने एमसीसी वायलेंस एवं शैडो एरिया से संबंधित भी जानकारी ली। बैठक में एसपी शंभू कुमार सिंह, डीडीसी, अपर समाहर्ता गुमला, परियोजना निदेशक पीडी, एसडीओ, डीआरडीए निदेशक, अनुमंडल पदाधिकारी चैनपुर, सिविल सर्जन, डीटीओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी, एसडीपीओ, जिला कल्याण पदाधिकारी, बीडीओ चैनपुर, डुमरी व जारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# लावागाईं में प्राकृतिक पर्व सरहुल धूमधाम से संपन्न

**खबर मंत्र संवाददाता**



**किस्को।** प्रखंड के बेटहट पंचायत के लावागाईं गांव में गुरुवार को प्रकृति पर्व और पेड़-पौधे, नई फसल के सम्मान का पर्व सरहुल धूमधाम से संपन्न हुआ। गांव के आदिवासी समुदाय के महिला पुरुष नाच-गान के साथ ढोल-मांदर और नगाड़े बजाकर त्योहर को पूरे हर्षोल्लास के मनाया। चैत माह में मनाए जाने वाले इस पर्व में सदान समुदाय का भी विशेष सहभागिता रहती है। इस मौसम में पेड़ पौधों में नई कलियां और रंग बिरंगे फूल खिलते हैं। प्रकृति के इस अनमोल उपहार की सरहुल में आदिवासी श्रद्धा से पूजा करते हैं। सरहुल को सूर्य और धरती के विवाह के रूप में भी देखा जाता है। स्थानीय ग्रामीण बत्तीश उरांव ने कहा की आदिवासियों की भाषा, संस्कृति और परंपराओं के अनुसार सरहुल फलतः धरती और प्रकृति से बेहतर फसल व फल प्राप्ति का त्योहार माना जाता है उन्होंने बताया कि आदिवासी मूलतः यह त्योहार मानव जीवन का प्रकृति के साथ जीवंत रिश्तों का पूरी ईमानदारी के साथ बरकरार रखने और प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रहने के लिए सृष्टिकर्ता को याद करने के लिए ही मनाते हैं। सदियों से चली आ रही परंपरा के अनुसार आदिवासी समुदाय के लोग साल फूल और नये पत्ते को भक्ति भाव से जंगल से लाकर घर के पूजा स्थल पर पवित्रता से रखते हैं। सरहुल पर्व के मौके पर सरना स्थल पर पूजा अर्चना के बाद डीजे के धुन पर रात भर झूमते गाते रहे लोग। इस मौके पर पाहन सुरेंद्र उरांव,पुजार विश्वनाथ उरांव, लालदेव उरांव, वासुदेव उरांव, विजेंदर उरांव, भैयाराम उरांव, विश्राम उरांव,रोशन, सनम, संदीप, बड़कू, दिलीप सहित कई लोग मौजूद थे।

### जिलाध्यक्ष मोजम्मिल की अध्यक्षता में हुई जिला समिति की बैठक

# कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन का निर्णय झामुमो केंद्रीय कमिटी के फैसले पर निर्भर





**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोकसभा को लेकर झामुमो जिला समिति की बैठक जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष मोजम्मिल अहमद की अध्यक्षता में की गई। जिसमें मुख्य रूप से पंचायत से लेकर जिला के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा हुई। खासकर आगामी लोकसभा चुनाव में गंठबंधन धर्म का पालन करने को लेकर चर्चा की गई। हालांकि बैठक में फैसला लिया गया की जेएमएम का केंद्रीय समिति से मिलकर से बात कर फैसला लिया जाएगा। केंद्रीय समिति का जो भी फैसला होगा लोहरदगा जेएमएम जिला समिति उसे मानेगी। बैठक में जिला अध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से अभी से चुनाव की तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया गया। कहा कि आज जिले में झामुमो के एक-एक कार्यकर्ता संगठन को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमलोग फिर से हर बूथ में बैठक करेंगे। इसको लेकर लेकर पंचायत समिति के पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने बूथों में जाकर बूथ कमेटी को मजबूत करने का काम करें।

### पार्टी की जीत सुनिश्चित करने को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न, जिला संगठन प्रभारी मनोज मिश्रा ने कहा

# प्रत्याशी कोई हो चुनाव कार्यकर्ता लड़ते हैं

**खबर मंत्र संवाददाता**





**गुमला।** लोहरदगा लोकसभा में भाजपा की प्रचंड जीत सुनिश्चित करने हेतु भाजपा गुमला जिला की आवश्यक बैठक जिला अध्यक्ष शिवप्रसाद साहू की अध्यक्षता में बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में हुई। जिसमें गुमला, सिसई, बिशुनपुर विधानसभा में चयनित कोर कमेटी के प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी मनोज मिश्रा ने कहा उम्मीदवार कोई भी हो चुनाव कार्यकर्ता लड़ता है। लोहरदगा लोकसभा बीजेपी का जनसंघ काल से गढ़ रहा है। लोहरदगा लोकसभा में भारी मत से समीर उरांव जीतेंगे। इसके लिये मतदाताओं को राष्ट्र निर्माण के लिय भाजपा को वोट देने के लिये कार्यकर्त्ता प्रेरित करेंगे। जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू ने कहा आगामी 6 अप्रैल को भाजपा की स्थापना दिवस पर मंडल स्तर तक कार्यक्रम होंगे। स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। आगामी 13 अप्रैल को प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी का कार्यक्रम सुनिश्चित है। प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहु ने कहा कि मोदी जी के शासन काल मे किसी न किसी रूप में समाज के सभी लोगों का सबका साथ-सबका विकास में भागीदारी हुआ है। बैठक का संचालन जिला महामंत्री मिशिर कुजूर ने किया। बैठक के अंत में मांडर विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता शिवनाथ तिग्गा के आकस्मिक निधन पर संवेदना प्रकट करते हुए 2 मिनट का मौन रखा गया। बैठक में पूर्व विधायक कमलेश उरांव, शिवशंकर उरांव, जिप अध्यक्ष किरणमाला बाड़ा, भूपन साहू, सविंदर सिंह, विजय मिश्रा, अनूप चंद्र अधिकारी, अशोक उरांव, भिखारी भगत, राधेश्याम कुशवाहा, गायत्री देवी यशवंत सिंह, सुजीत नंदा, निर्मल गोयल, दिनेश्वर प्रसाद, जगनारायण सिंह, चितरंजन मिश्रा, विनोद भगत, दिलीप बड़ाईक, मंगल सिंह भोक्ता, अरविंद मिश्रा, सौरभ पांडे, विकास सिंह, विपिन सिंह, इंद्रदेव साहू, अरुणंजय सिंह, सुरेश सिंह रामनंदन साहू, ईश्वर महतो, प्रफुल्ल विश्वास, संतोष साहू, अशोक केसरी, जयप्रकाश साहू, देवेंद्र लाल उरांव गौरी किंडो, रामचरित्र सिंह, अमरमणि उरांव, रामधन साहू, संतोष पांडा किशोर साहू, कौशलेश मिश्रा, हरिशंकर शाही,चरवा उरांव, भोला प्रसाद केसरी, सत्येंद्र साहू, त्रिलोकी सिंह, अभिषेक चंद्र उरांव, आनंद ओहदार, सूरज साहू, जगत मोहन देवघरिया, जगदंबा साहू, गजेंद्र साहू, जीवन विद्येस तिर्की, नरेश सिंह, बड़ाईक तारकेश्वर सिंह, हर्षनाथ महतो, रूपेश साहू आदि उपस्थित थे।

### चैताली कॉलेज में इंटर व बीएड में एडमिशन चालू

**गुमला।** सामाजिक संस्था मयूरी ट्रस्ट के द्वारा संचालित चैताली कॉलेज लक्ष्मण नगर फसिया गुमला में बीएड के नये सत्र 2024 -26 में नामांकन आरंभ हो गया है। ट्रस्ट की ओर से अनुसूचित जाति, जनजाति और ओबीसी 2 के बीएड स्टूडेंट का कोर्स फ्री कर दिया गया है। बीएड में नामांकन के लिए उत्सुक उम्मीदवार मयूरी ट्रस्ट के कार्यालय में आकर फॉर्म प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन या ऑफलाइन तुरंत संपर्क कर सीट बुकिंग कर ले। यह जानकारी मयूरी ट्रस्ट के डायरेक्टर बसंत कुमार गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि इंटर और बीएड नये सत्र में नामांकन के लिए प्रचार अभियान चलाया जा रहा है।

# एमबी डीएवी विद्यालय में उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन






**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जी पी झा के नेतृत्व व निर्देशन में नवीन प्रवेश प्राप्त विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम (ओरिएंटेशन प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। ओरिएंटेशन प्रोग्राम विद्यालय का शैक्षणिक परिचय है यह विद्यालय से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ विद्यालय की संस्कृति, मूल्य और लक्ष्यों से परिचित होने में मदद करता है। इन्हीं उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए विद्यालय प्रांगण में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीसरी से कक्षा नौवीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिक्षक पी के सिन्हा व शिक्षिका ज्योति मिश्रा द्वारा मंच संचालन किया गया। संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक ने अभिनंदन गीत प्रस्तुत किया। मौके पर प्राचार्य द्वारा अभिभावकों को विद्यालय की नीति, कार्यशैली व लक्ष्यों से अवगत करवाते हुए अभिभावकों की विद्यालय से आशाओं व उम्मीदों की जानकारी ली तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय समूह द्वारा सर्वोत्तम प्रयास करने का आश्वासन दिया। अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### प्रथम मतदान पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण



**लोहरदगा।** लोकसभा चुनाव के लिए प्रतिनियुक्त प्रथम मतदान पदाधिकारियों को गुरुवार को नदिया हिन्दू प्लस टू उच्च विद्यालय लोहरदगा में दो पालियों में प्रशिक्षण दिया गया। इसमें कुल 378 पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में प्रथम मतदान पदाधिकारियों को मतदान प्रक्रिया के प्रशिक्षण अंतर्गत अपने दायित्वों का बिना चूक निर्वहन करने, अपने सहकर्मियों के साथ बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने, पीठासीन पदाधिकारी का सहयोग करने व सहयोगियों के बेहतर समन्वय रखते हुए कार्य करने, मतदान सामग्री के बारे जानकारी रखने व मतदान केंद्र में उन सामग्री की व्यवस्था, ईवीएम व वीवीपैट के लिए आवश्यक सीलिंग सामग्री, मतदान के पूर्व की तैयारी, मतदान के दिन की तैयारी, मॉक पोल, मतदान प्रारंभ करने से संबंधित, आवश्यक प्रपत्रों को भरे जाने सम्बंधित विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा दी गयी। प्रशिक्षण में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह समेत अन्य पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण निर्देश मतदान पदाधिकारियों को दिए। ये प्रशिक्षण 6 अप्रैल 2024 तक संचालित होगा।

### जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट

# लातेहार ने गुमला को 51 रन से हराया

**खबर मंत्र संवाददाता**




**गुमला।** जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक अंडर 19 प्लेट ग्रुप के लीग चरण का आखिरी मुकाबले में गुरुवार को लातेहार ने गुमला को 51 रनों से पराजित किया। बड़े जीत के बावजूद लातेहार की टीम का सफर समाप्त हुआ। गुमला टॉप पर रहते सुपर लीग में जगह बना लिया। जिला मुख्यालय के शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में लातेहार की पूरी टीम 26.1 ओवरों में 141 रनों पर सिमट गई। टीम की ओर से कुमार सानू ने सर्वाधिक 35 रनों की पारी खेली। जबकि आदर्श विशाल ने 32, प्रवीण ने 27 व समित कुमार ने 11 रनों का सहयोग किया। गुमला की ओर से करण प्रताप ने 3.1 ओवर में महज आठ रन देकर पांच विकेट हासिल किया। मयंक व एकलव्य को दो -दो विकेट मिले। गुमला की टीम शुरूआत से ही लड़खड़ा गयी। करण ने सर्वाधिक 26 रन बनाये। आयुष राज 14 व अनिकेत ने नौ रनों का सहयोग दिया। लातेहार की ओर से गौरव पाल व आदर्श विशाल ने तीन-तीन विकेट प्राप्त किये। कुमार सानू को दो व विजय रोहित को एक विकेट मिला।

# कई संगीन आरोपों में फरार दो लाख का ईनामी अपराधी विमलेश यादव गिरफ्तार

**खबर मंत्र संवाददाता**



**गुमला।** गुमला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बिहार राज्य के कुख्यात अपराधी और 2 लाख के इनामी विमलेश यादव को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार अपराधी के खिलाफ बिहार के जहानाबाद, अरवल व गया में कई मामले दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। फिलहाल गिरफ्तार विमलेश यादव की कुंडली खंगाले में गुमला पुलिस जुटी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विमलेश यादव गुमला के घाटो बगीचा स्थित शांति नगर में किसी राजेंद्र कुमार के घर में डेढ माह से नाम बदलकर रह रहा था। विमलेश यादव पिता महेश यादव अरवल बिहार का रहने वाला है। विमलेश यादव पर दर्जनों मामले बिहार में दर्ज है। हत्या, लूट, डकैती सहित कई संगीन आरोपों में वह फरार चल रहा था। विमलेश यादव बिहार के अलग-अलग जिलों में अपराध की घटना को अंजाम देकर झारखंड के गुमला में अलग नाम से रहकर रहता था। विमलेश गुमला से ही बिहार के जिलों में सेटिंग गेटिंग कर अपराध की घटना को अंजाम दे रहा था।

### रामनवमी से पूर्व हनुमान मंदिर में हुई चोरी, नगद के साथ सामानों की हुई चोरी





**लोहरदगा।** रामनवमी से पूर्व जिले में एक बार अज्ञात चोरों ने हनुमान मंदिर को निशाना बनाया है। चोरों ने रात के अंधेरे में नगद के साथ मंदिर में रखे कई सामानों की चोरी कर साथ ले गए। सीसीटीवी फुटेज में सामानों की चोरी कर ले जाते चोर दिखे है। जिले के शहरी क्षेत्र अंतर्गत राणा चौक स्थित हनुमान मंदिर में अज्ञात चोरों ने बुधवार देर रात्रि चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर मंदिर का ताला तोड़कर मंदिर के दान पेटी से लगभग 13500 रुपए, चांदी का एक छोटा मुकुट, पीतल के सम्मान और मंदिर में रखे कई सम्मानों को चोरी कर अपने साथ ले गए। वही चोरी कर जाते समय सीसीटीवी कैमरे में चोरों की हरकत कैद हो गई। स्थानीय लोग जब सुबह मंदिर गए तो पाया मंदिर का ताला टूटा हुआ है और मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और पूरे मामले पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गई। जिले में रामनवमी से पहले हनुमान मंदिर में चोरी की घटना से लोग हैरान है और क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है।

### वीर शहीद बख्तर साय व मुंडल सिंह का मनाया गया शहादत दिवस, दी गई श्रद्धांजलि

# स्वतंत्रता की लड़ाई से पहले बख्तर साय व मुंडल सिंह ने फूंका था युद्ध का बिगुल : गजाधर सिंह

**खबर मंत्र संवाददाता**





**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के वीर शहीद बख्तर साय एवं मुंडल सिंह के शहादत दिवस के अवसर पर दोनों वीर पुरुष के कर्म भूमि प्रखंड के नवागढ़ पंचायत अंतर्गत गढ़पहाड़ पर कार्यक्रम का आयोजन गुरूवार को किया गया। सर्व प्रथम प्रखंड मुख्यालय स्थित बख्तर साय एवं मुंडल सिंह चौक में स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं शहीदों के कर्म स्थल गढ़पहाड़ में विस्तृत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उदघाटन दीप प्रज्जवलन एवं शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि गजाधर सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता की लडाई से पहले हमारे रायडीह प्रखंड के पवित्र भूमि से अंग्रेजों के खिलाफ युद्ध की बिगुल नवागढ़ परगना एवं पनारी परगना के जमींदार बख्तर साय एवं मुंडल सिंह ने फूंक दिया था। उन्होंने अंग्रेजो के खिलाफ बड़े पैमाने पर युद्ध छेड़ कर अंग्रेजों के खून की नदियां बहा दी। उन्होंने कहा कि दोनों वीर योद्धाओ के द्वारा गुरिल्ला युद्ध के माध्यम से युद्ध लड़ा जाने लगा। युद्ध के बाद अंग्रेजो ने दोनों को बंदी बना लिया एवं उन दोनों को कैद कर लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रौतिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष रोहित सिंह, जगेश्वर सिंह, महेश सिंह, जीप सदस्य रश्मि मिंज, हिमांशु गुप्ता, किरण बिलुंग, तस्लीम खान, चोकेन्द्र सिंह, जहीरुद्दीन हबीबी,श्रवण सिंह, महेंद्र प्रसाद सिंह, महेंद्र साहू, कमलेश झा, रामबिलास सिंह, चैतन्य नगेशिया, संत नगेशिया, संदीप सिंह, सुरेंद्र सिंह, पप्पू सिंह, बीरबल सिंह, भागवत सिंह, रंगलाल नगेशिया, हरखनाथ सिंह, बहादुर सिंह, मोहनचंद्र सिंह, हेमंत कुमार सिंह, लखन सिंह, हरिगणेश सिंह, रामवृत सिंह, महेंद्र, सिंह, गजेंद्र सिंह, बलरामकान्त सिंह, भवानी लोहरा एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# क्षेत्र की कला व संस्कृति संरक्षण करना सराहनीय पहल : आर आर मिश्रा

### बगडू में हिंडालको सीएसआर की ओर से मांदर व नगाड़ा का वितरण



**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** बगडू हिल बॉक्साइट माइन्स में हिंडालको सीएसआर की ओर से सामाजिक संस्कृति संरक्षण कार्यक्रम के तहत ग्राम दलदलिया, कोरगो, छोट चोरगाई, बड़ चोरगाई, हिसरी नवाटोली, बगडू, सियार पाड़ा, बेटहट, जामुन टोली आदि गांव के ग्रामीणों के बीच 14 मांदर एवं नगाड़ा का वितरण खान सुरक्षा महानिदेशालय, चाईबासा क्षेत्र के निदेशक आर आर मिश्रा की अगुवाई में बांटे गए। इस अवसर पर आर आर मिश्रा ने कहा कि संस्कृति संरक्षण के लिए मांदर नगाड़ा का वितरण हिंडालको की सराहनीय पहल है। मौके पर हिंडाल्को के वरीय उपाध्यक्ष (ऑपरेशन) प्रतीक कुमार, महाप्रबंधक (लोहरदगा कलस्टर) राजेश रंजन अम्बष्ठा, बगडु के खान प्रबंधक राज सिन्हा, हिंडालको सीएसआर की ओर से भास्कर सिन्हा, भूगर्भशास्त्री गौरीशंकर प्रसाद, प्रदुमन कुमार, अनिल सिंह, सुष्मिता भौमिक, अबीर चक्रवर्ती, बुधुवा उरांव, अनिता, सोमे समेत ग्रामवासी महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

